हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 दिसंबर 2024



# सबसे पहले नपं के वार्डों की आएगी बारी, अंत में नांदगांव के 51 वार्डों का होगा आरक्षण

## लॉटरी से निकाली जाएगी आरक्षण की पर्ची, कई बड़े नेताओं के वार्ड हो सकते हैं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनावों को लेकर आज जिले के चार निकाय के 120 वार्डों का आरक्षण तय किया जाएगा। लॉटरी पद्धति से इन चारों निकाय के वार्डों में निर्धारित मापदंड अनुसार एससी, एसटी, ओबीसी एवं महिला वर्ग के लिए वार्ड आरक्षित किए जाएंगे। सबसे पहले डोंगरगांव, एलबी नगर और छुरिया नगर पंचायत के वार्डों का आरक्षण किया जाएगा। इसके बाद डोंगरगढ़ नगर पालिका और सबसे अंत में राजनांदगांव नगर निगम के 51 वार्डों की बारी आएगी।

खास बात यह है कि इस बार नगरीय निकायों के वार्डों के आरक्षण वर्ष 2024 में वार्डों के आरक्षण के दौरान चक्रानुक्रम रीति से आरक्षण की स्थिति निर्मित होने पर वर्ष 2004, 2009, 2014 एवं 2019 में किए गए आरक्षण को चक्रानुक्रम रीति के लिए आधार माना जाएगा।


मिली जानकारी के अनुसार निकाय में अनुसूचित जाति, वार्डों की संख्या का निर्धारण उप नियम 1 के तहत किया जाएगा। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वार्डों का आरक्षण जनसंख्या पर आधारित है। जबकि पिछड़ा वर्ग प्रवर्ग आरक्षण लॉट पद्धति से किया जाएगा। सबसे पहले अनुसूचित जाति प्रवर्ग के वार्डों का आरक्षण एवं इसके अनुक्रम में अनुसूचित जाति प्रवर्ग का आरक्षण एवं इसके अनुक्रम में अनुसूचित जनजाति महिला प्रवर्ग का आरक्षण किया जाएगा।

### महिलाओं के खाते में एक तिहाई वार्ड

एससी, एसटी तथा अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षित वार्डों में से एक तिहाई वार्ड यथा स्थिति इन प्रवर्ग की महिलाओं के लिए लॉट से निकालकर आरक्षित किए जाएंगे। जिसमें आरक्षण चक्रानुक्रम के आधार पर होगा। एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण के बाद शेष वार्ड अनारक्षित होंगे। एससी, एसटी तथा ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित वार्डों की संख्या, कुल वार्डों के एक तिहाई भाग से कम होने पर अनारक्षित प्रवर्ग में से चक्रानुक्रम पद्धति से महिला प्रवर्ग का आरक्षण वार्डों की कुल संख्या के एक तिहाई भाग तक सुनिश्चित किया जाएगा।

### जिपं सभाकक्ष में आरक्षण

मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर एक बजे से आरक्षण की प्रक्रिया जिला पंचायत सभाकक्ष में शुरू किया जाएगा। सबसे पहले डोंगरगांव नगर पंचायत के 15 वार्डों का आरक्षण होगा, फिर एलबी नगर नपं के 15 एवं छुरिया नपं के 15 वार्डों का आरक्षण किया जाएगा। इसके बाद डोंगरगढ़ नगर पालिका के 24 वार्डों का आरक्षण होगा। इसके बाद बारी राजनांदगांव नगर निगम के 51 वार्डों की आएगी।




### अधिकतम 50% तक आरक्षण

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए जहां 50 प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हों, वहां यथासंभव निकटतम रूप से कुल वार्डों की संख्या के 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते शेष स्थान अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे तथा ऐसे वार्ड लॉट द्वारा आबंटित किए जाएंगे, लेकिन एससी-एसटी के लिए कुल आरक्षण 50 प्रतिशत या इससे अधिक हो तो अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई स्थान आरक्षित नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### कुमरदा में 26 से श्रीमद भागवत कथा



**राजनांदगांव।** ग्राम कुमरदा में 26 दिसंबर से आगामी माह 3 जनवरी तक 12 से 4 बजे तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसमें कथावाचक पंडित कृपाशंकर मिश्र उपाध्यायपुर जिला प्रतापगढ़ उप्र उपस्थित रहेंगे। श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 26 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा व गोकर्ण कथा के साथ की जाएगी। तत्पश्चात प्रतिदिन नियत समय पर कथा प्रारंभ की जाएगी, जो अनवरत रूप से 3 जनवरी तक जारी रहेगी। अंतिम दिन कथा पश्चात भोजन भंडारा का भी आयोजन किया गया है। ग्रामीणों की ओर से दिनेश ठाकुर, कांतिलाल साहू, ज्ञानचंद साहू, किशन सिंह साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, नूनकरन भुआर्य, ललित साहू आदि लोगों ने उपस्थिति की अपील की है।

### बासुला में 20 को मड़ई

**राजनांदगांव।** ग्राम बासुला में संत शिरोमणी गुरू घासीदास बाबाजी की 268वीं जयंती पर गांव में मड़ई मेला का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए 'रंगझाझर लोक कला मंच ग्राम रेंगाकठेरा(बखत)' वालों का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोग उपस्थित होकर मेला का शोभा बढ़ाए यह अपील की गई है। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष सुकालूराम मांडले ने दी।

## माय एंगल




### चेहरे और गले में किया था वार, खून से लथपथ पड़ा था शव

# चरित्र संदेह पर पत्नी की टंगिया मारकर की हत्या, पति गिरफ्तार

## पति-पत्नी में अक्सर हुआ करता था विवाद, हत्या का कारण भी यही बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चरित्र संदेह को लेकर आए दिन पति-पत्नी के बीच वाद-विवाद होते रहता था। जिसके चलते पति ने टंगिया से हमला कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 दिसंबर को रात्रि लगभग 11 बजे सूचक अमित मलिक उम्र 37 वर्ष ग्राम बागनदी व मकान मालिक देवसिंह पडौती के साथ थाना आकर बताया कि वह देवसिंह पडौती के मकान के एक कमरे में विगत दो वर्ष से किराये में रह रहा था। उसके कमरे से लगे बगल वाले कमरे में सावित्री यादव अपने पति द्वारका के साथ पिछले 1 साल से किराये में रह रहे थे। दोनों पति-पत्नी के मध्य आए दिन झगड़ा-विवाद होते रहता है। 17 दिसंबर की रात्रि साढे आठ बजे सूचक अपने कमरे में आराम कर रहा था कि द्वारका व सावित्री यादव के बीच वाद-विवाद, झगड़ा-लडाई होने की आवाज सुना, जिस पर आए दिन झगड़ा होते रहते हैं, सोचकर ध्यान नहीं दिया और अपने कमरे में आराम करने लगा।



### चेहरा-गले में चोट के निशान

कुछ देर बाद सूचक बाहर आया तो द्वारका का कमरे का दरवाजा खुला हुआ था एवं लाईट जल रही थी, तब द्वारका को आवाज दिया, कोई जवाब नहीं दिया तो कमरे में झांककर देखा तो सावित्री यादव खाट में खून से लथपथ पड़ी थी। उसका पति द्वारका घर में नहीं था, तब उसने मकान मालिक देवसिंह पडौती को फोन से बुलाया एवं उसके आने के बाद दोनों द्वारका के कमरा के अंदर जाकर देखे तो द्वारका की पत्नी सावित्री यादव खाट में खून से लथपथ पड़ी थी, जिसे दोनों पास में जाकर देखे सावित्री यादव के चेहरा एवं गले में गहरा चोंट का निशान था एवं खून बह रहा था। जिसकी मृत्यु हो गई थी, जो किसी धारदार वस्तु से मारा है, ऐसा प्रतीत हो रहा था।सूचना पर मर्ग, धारा 194 बीएनएसएस कायम कर शव पंचनामा कार्रवाई में लिया गया। बाद शव का पीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव से कराया गया।

### टंगिया से किया हमला, पूछताछ करने पर स्वीकारा जुर्म

मर्ग जांच पर आरोपी द्वारका यादव उम्र 32 साल द्वारा अपनी पत्नी सावित्री के चरित्र पर शंका को लेकर टंगिया से मारकर उसकी हत्या कर देना पाए जाने से आरोपी द्वारका यादव के विरूद्ध थाना बागनदी में 18 दिसंबर को धारा 103 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया है। आरोपी द्वारका यादव का पतासजी कर मिलने पर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विजय मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक अनिल कुमार झा, महेश राजपूत सहित स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चाकूबाजी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शराब भट्ठी के पास चाकूबाजी करने के बाद से फरार आरोपी की पता तलाश कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। घटना में प्रयुक्त चाकू आरोपी के निशादेही पर जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी, साइबर सेल प्रभारी अनिल शर्मा के नेतृत्व लगातार आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में शराब दुकान खैरागढ़ में 1 दिसंबर को चाकूबाजी कर फरार आरोपी गोपाल उर्फ संजय उर्फ संजू यादव को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार 1 दिसंबर को शाम साढे 7 बजे शराब लेने के लिए देशी शराब भट्ठी खैरागढ़ में प्रार्थी संजय वर्मा शराब लेने के लिए शराब भट्ठी में खड़ा था, उसी समय आरोपी गोपाल उर्फ संजय यादव अपने साथियों सहित आया और उसका एक साथी जो विधि से संघर्षरत बालक संजय वर्मा के पैंट के जेब में हाथ डालकर पैसे निकालने का प्रयास कर रहा था। संजय द्वारा पकड़ लेने पर उसने उसे मुक्का से मारा। आरोपी गोपाल उर्फ संजय उर्फ संजू यादव ने संजय वर्मा पर चाकू से उसके पीठ पर हमला किया और भाग गए। उपस्थित लोगों द्वारा डायल-112 को कॉल कर बुलाए व इसके बाद डॉयल-112 द्वारा सिविल अस्पताल खैरागढ़ में भर्ती कराया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 118(1) 119(1) 304(2), 3(5) भा न्या सं पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और घटना में शामिल विधि से संघर्षरत बालक को घटना दिनांक को ही हिरासत में लेकर बाल संप्रेषण गृह भेजा गया था।



**चाकू बरामद :** मुख्य आरोपी गोपाल उर्फ संजय यादव घटना दिनांक से फरार होकर दुर्ग, नागपुर, राजनांदगांव में हुलिया बदलकर छिपा हुआ था, जिसे लगातार प्रयास कर 18 दिसंबर को राजनांदगांव से हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिसने जुर्म स्वीकार करते घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कराया। आरोपी के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

# घासीदास बाबा जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संत शिरोमणी बाबा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर जिलेभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान शोभायात्रा भी निकाली गई। बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा में बाबा गुरू घासीदास की आकर्षक झांकी भी बनाई गई थी। शहर में जयंती के पूर्व संध्या पर भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। देर शाम तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।



# अपहृत बालिका दुर्ग से सुरक्षित बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नाबालिग को शादी करने का झांसा देकर अपने साथ ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। अपहता को दुर्ग से बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 17 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जो घर वापस नहीं आई है। अंदेशा है कि नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर कहीं ले गया है। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 363 भादस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका एवं अज्ञात आरोपी की लगातार पता तलाश किया जा रहा था। इसी क्रम मे मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम बनाकर ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिका को दुर्ग से अपहरणकर्ता के कब्जे से सुरक्षित बरामद किया गया। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया। नाबालिग बालिका को दिनांक घटना समय को आरोपी टाकेश्वर साहू 20 वर्ष निवासी उरला बॉम्बे आवास जिला दुर्ग द्वारा शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाकर दुष्कर्म करने की पुष्टि होने पर मामले में धारा 363, 366(क), 376(3)(ढ) भादवि 4, 6 पॉक्सो एक्ट 2012 जोड़ी गई। आरोपी टाकेश्वर साहू को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को 18 दिसंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।



## जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान, जाम के हालत

# धान खरीदी: रोजाना एक लाख क्विंटल धान उठाने का टारगेट 7.70 लाख क्विंटल का डीओ-टीओ जारी, नहीं थमेगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उठाव की सुस्त रफ्तार से प्रभावित धान खरीदी की प्रक्रिया को पटरी पर लाने के लिए प्रशासन ने अब अपनी कवायद शुरू कर दी है। उपार्जन केंद्रों से जाम के हालत को सुधारने के लिए रोजाना एक लाख क्विंटल धान उठाने का टारगेट रखा गया है। मिलर्स की हड़ताल समाप्त होने के बाद अब प्रशासन ने तेजी से डीओ-टीओ काटना भी शुरू कर दिया है। अब तक 7.70 लाख क्विंटल धान उठाव का डीओ-टीओ जारी कर दिया गया है।

इधर उठाव की रफ्तार में तेजी आने के बाद समिति प्रबंधकों ने भी धान खरीदी बंद करने का फैसला वापस ले लिया है। हालांकि अब भी अगले 7 से 10 दिनों तक उठाव तेज रफ्तार से जारी रहेगा, तब ही जाम के हालत से निपटा जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले 14 नवंबर से जारी धान खरीदी में पहले दिन से ही उठाव की सुस्त रफ्तार के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। दो दफा राइस मिलर्स की हड़ताल की वजह से भी उठाव की प्रक्रिया थम गई थी। जिसकी वजह से जिले के सभी 96 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से तीन गुना तक धान जाम हो गया है। ऐसे में पिछले शुक्रवार को समिति प्रबंधकों ने ज्ञापन सौंपकर खरीदी करने में असमर्थता जताई थी।



### टोकन नहीं मिलने से दिक्कतें

राइस मिलर्स जहां अपनी मांगे पूरी नहीं होने से परेशान चल रहे हैं। समिति प्रबंधक सुस्त रफ्तार से उठाव होने से चिंता में हैं। वहीं किसान भी इस बार की धान खरीदी में टोकन को लेकर काफी परेशान हुए हैं। अब हालत यह है कि आगामी 15 जनवरी तक के सभी टोकन बुक हो गए हैं। वहीं कुछ इलाकों से किसानों की शिकायत सामने आ रही है कि उन्हें ऑफलाइन टोकन नहीं मिल पा रहे हैं।

### अब तक इतनी खरीदी

राजनांदगांव जिले में अब तक 69013 किसानों से 34.07 लाख क्विंटल धान की खरीदी कर ली गई है। वहीं 3.45 लाख क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है। वहीं खैरागढ़ जिले में 36840 किसानों से 19.24 लाख क्विंटल धान की खरीदी एवं 2.95 लाख क्विंटल धान का उठाव किया गया है। मोहला-मानपुर जिले में 19651 किसानों से 9.49 लाख क्विंटल खरीदी के साथ ही 69 हजार क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

### टीओ अधिक कटा, अब डीओ कट रहा

मिलर्स की हड़ताल की वजह से प्रशासन ने पिछले कुछ दिनों में लगातार टीओ काटकर संग्रहण केंद्रों तक धान पहुंचाने का काम कराया है। यही कारण है कि अब तक जिले में 7.70 लाख क्विंटल धान उठाव जारी किया गया है। जिसमें से 6 लाख क्विंटल का टीओ काटा गया है। वहीं महज 1.70 लाख क्विंटल का डीओ जारी हो सका है। हालांकि अब डीओ अधिक मात्रा में जारी किए जाने की बातें कही जा रही है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट
• जहर का सेवन
• लीवर फेलयर
• किडनी फेलयर
• हार्ट अटैक
• ब्रेन हेमरेज
• पीलिया • लकवा

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
• गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
• नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### नए निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**डोंगरगांव।** ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम बरसनटोला में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन जनपद सभापति चंद्रिका रोहित सोनकर ने किया। उन्होंने सार्वजनिक मंच के सामने कांक्रीटीकरण, गली कांक्रीटीकरण सोनकर पारा, सीसी रोड़, शीतला पहुंच मार्ग की शुरूवात की। इस मौके पर रोहित सोनकर, सरपंच मनीषा गंधर्व, युगल सोनकर, रेखा साहू, सेवती निषाद, प्यारे सोनकर, रवि सोनकर, मीणा नेताम, हेमलाल साहू, देवसिंह, धरम निषाद, कुंतीबाई, श्यामकुंवर, मनीषा, गीताबाई, रेखाबाई, धर्मिन निषाद सहित अन्य मौजूद थे।



### छात्रों ने देखा विस की कार्रवाई

**सड़क अतरिया।** दिशा स्कूल की कक्षा 11 वी कला संकाय के छात्रों ने मंगलवार को विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण किया। छात्रों ने सदन की कार्रवाई एवं क्रियाकलापों को समझने का प्रयास किया। भ्रमण में अनुरागदास, ऋतंभरा कश्यप, गुंजन जैन, विशाल कुशवाहा, श्रद्धा, शुभता, लौशिकी, प्रकृति, याशु, तुषार, वैभवी, मोमीता, दिया, श्रद्धा, रोहित, प्रिंस यादव, श्रष्टी, तारिणी साहू, निष्ठा, रिया, आदित्य सहित अन्य शामिल हुए।



### सेवानिवृत्त प्राध्यापक को विदाई

**डोंगरगढ़।** सहायक प्राध्यापक टी ठाकुर के सेवानिवृत्ति पर महाविद्यालय परिवार ने समारोह आयोजित कर विदाई दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रो. ठाकुर ने दीप प्रज्वलित किया। राजकीय गीत के बाद छात्रों ने स्टॉफ को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ एके सिन्हा ने प्रो.ठाकुर को पुष्पगुच्छ, नारियल एवं साल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। डॉ. एमके रंगारी ने उनके सरल स्वभाव, सहयोग की भावना पर प्रकाश डाला। संगीता रंगारी ने स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की की कामना की। प्राचार्य एवं स्टॉफ ने श्री ठाकुर को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन वोमेशवरानन्द ने किया। इस अवसर पर सी लिखार, कुलेश मंडावी, जितेंद्र वर्मा, महेश दास साहू, अलख आदि मौजूद थे।



### बेहतर काम पर पालिका को मिला प्रथम पुरस्कार

**डोंगरगढ़।** पीएम स्व निधि योजना एवं शहरी आजीविका मिशन के बेहतर क्रियान्वयन में स्थानीय नगर पालिका ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में आयोजित समारोह में पालिका अधिकारी को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। लाभार्थियों का सम्मान मुख्यमंत्री श्री साय, उप मुख्यमंत्री, मंत्री केदार कश्यप, अरुण साव ने किया। इस योजना के तहत नगर पालिका ने शहरी पथ विक्रेताओं को विभिन्न बैंकों के माध्यम से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराकर व्यवसाय को बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया। इस कार्य में प्रदेश की नगर पालिकाओं में पहली बार डोंगरगढ़ को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। सीएमओ और सिटी मिशन प्रबंधक मोरिस जार्ज को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।




### डीओ जारी, धान का उठाव तेज

**सड़क अतरिया।** धान खरीदी शुरू होने के एक माह बाद थोक में डीओ जारी करने के साथ धान का उठाव शुरु हो गया है। मंगलवार को धान उपार्जन केन्द्र कुकुरमुडा अतरिया, विचारपुर, बुंदेली, संड़ी, ठाकुरटोला, पैलीमेटा, मोहगांव सहित अन्य केन्द्रों के लिए डीओ जारी किया गया। बुधवार को सुबह से केन्द्रों में वाहन लगना शुरू हो गया था किन्तु अवकाश होने के कारण धान खरीदी बंद रही जिससे वाहनों को फड़ में लगाने सुविधा हुई। बड़ी मात्रा में धान का उठाव किया गया।

### कंपकंपाने लगी ठंड, अलाव बना सहारा

**सड़क अतरिया।** मौसम का बदलाव के साथ ठंडकता बढ़ गई है। सप्ताह की शुरूवात से ही तापमान में कमी आने से लोगकंपकंपा देने वाली ठंड महसूस कर हैं। रात दिन ठिठुरन रहती है। वनांचल में भी जमकर ठंड पड़ रही है। लोग ठंड से बचने अलाव का सहारा ले रहे हैं। ठंड बढ़ने के बाद गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। मौसम में बदलाव का असर लोगों की सेहत पर भी देखने मिल रहा है। लोग सर्दी, खांसी से प्रभावित नजर आ रहे हैं।



### रासेयो शिविर का हुआ समापन

**गंडई पंडरिया।** शासकीय महाविद्यालय गंडई की रासेयो इकाई का सात दिवसीय शिविर जंगलपुर में 10 से 16 दिसम्बर तक प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी पीके अमिला के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान शिवरार्थियों ने बालिका शिक्षा, भ्रुण हत्या, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति एवं अन्य विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। शिविर का समापन सरपंच ममता गंधर्व के आतिथ्य में हुआ। उन्होंने शिवरार्थियों की सहभागिता की सराहना करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ कुर्रे ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामूहिक कार्यो के प्रति जागरूकता बढाना था। अंत में शिवरार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. एनएस वर्मा, डीएल साव, जंगलपुर विद्यालय के प्राचार्य तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।



## डेढ़ दशक बाद गायत्री परिवार का बड़ा आयोजन

# टोली विदाई के साथ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन

**गायत्री महायज्ञ में बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्णाहुति में लिया हिस्सा**

**मानव और राष्ट्र कल्याण के लिए हुआ आयोजन, शामिल हुए क्षेत्र के लोग**


हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर में करीब डेढ़ दशक बाद 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया। इस बड़े धार्मिक आयोजन का समापन रविवार को टोली विदाई के साथ हुआ।

जानकारी के अनुसार शहर में पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाला गया। आयोजन के क्रम में प्रतिदिन सुबह देव आव्हान कर देव स्थापना, देव कलश,सर्वतोभभद्र सर्व देव आव्हान कर अग्नि आवाहन स्थापना कर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने राष्ट्र जागरण, राष्ट्र कल्याण और विश्व शांति के निमित्त से 24 कुंडो में आहुति समर्पित किया। इस कार्यक्रम में डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू ने सपरिवार सम्मिलित होकर आहुति डाला।

#### आकर्षण का केंद्र रहा दीपयज्ञ

गोधूलि बेला में विराट दीपदान के लिए दीप यज्ञ किया गया। लगभग 2100 दीपक से यज्ञशाला, देव मंच, प्रवेश द्वार, गायत्री माता मंदिर, शिव मंदिर को सजाया गया। दीपक से युग निर्माण मसाला, स्वास्तिक, ओंम, महाकाल, श्रीराम, भारत, छत्तीसगढ़ का नक्शा आदि बनाकर दीप यज्ञ को भव्य और सुंदर बनाने का प्रयास किया गया। इस आयोजन के लिए गायत्री परिवार, नगर तथा आसपास के गांव की महिलाएं थाली में 5 दीपक सजाकर लाई थी जिससे पूरा कालेज मैदान जगमगा उठा।



#### यज्ञ में शामिल हुए नागरिक

जानकारी के अनुसार महायज्ञ के दौरान व्यसन मुक्ति, स्वास्थ्य आंदोलन, मांसाहार के दुष्परिणाम आदि पर वीडियो प्रदर्शन किया गया। अंतिम दिन सुबह गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र तथा अन्य वैदिक मंत्रों से राष्ट्र कल्याण एवं जगत के उत्थान के लिए लोगों ने आहुति डाला। इस दौरान 30 से 40 गर्भवती बहनों ने पुंसवन संस्कार कराया।

#### बच्चे भी हुए शामिल

नगर के स्कूली बच्चों ने अवकाश के बाद आयोजन स्थल पहुंचकर विद्यारंभ संस्कार में हिस्सा लिया और विशेष आहुति दिया। प्रज्ञा पुराण कथा में टोली नायक ने विद्यार्थियों को बुद्धि बढ़ाने की वैज्ञानिक विधि, अध्ययन के पूर्व ध्यान, प्राणायाम, मंत्र जाप और चित्त को शांत करने के बारे में विस्तार से बताया। टोली नायक नरेंद्र विद्यार्थी ने बताया कि भयावह बीमारी होने पर जड़ी बूटियों को होम करके धूम चिकित्सा से लाभ ले सकते हैं।

#### समस्याओं का सुझाया उपाय

आयोजन के प्रज्ञा पुराण कथा की संगीतमय कथा का वाचन नरेंद्र विद्यार्थी, डॉ डी पटेल, तामेश्वर सेन, शिवम कुमार, मृणाल पाल ने किया।उन्होंने वर्तमान समस्या और उसके निदान के संबंध में बताया। उन्होंने प्रज्ञा पुराण कथा का मार्मिक तरीके से वाचन किया। उन्होंने बताया कि व्यक्तित्व निर्माण से लेकर घरेलू, व्यक्तिगत समस्याओं का निदान गायत्री मंत्र के नियमित जाप से संभव हो सकता है। उन्होंने मंत्र का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक विवेचन किया।

#### हुए निःशुल्क संस्कार

ट्रस्टी मुकुंद निषाद, चतुर देवांगन ने बताया कि इस दौरान 30 से 40 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार, 30 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार, 5 बच्चों का मुंडन, अन्नप्राशन, लगभग 30 ने गुरु दीक्षा ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान सभी के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था किया गया था जिसके लिए क्षेत्र के लोगों ने अन्न दान किया था। आयोजन के दौरान पाकशाला में स्वयं सेवकों ने निःशुल्क सेवाएं दी। वहीं आञ्जनेय मानस परिवार, महाकाल ग्रुप ने भी सहयोग दिया। अंतिम दिवस कड़कडाती ठंड के बीच लोग पूर्णाहुति यज्ञ में शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या रमेश ताम्रकार, नगर के व्यापारी, नागरिक, कर्मचारी, विभिन्न संगठन के प्रतिनिधि आदि ने ने पूर्णाहूति होम कर स्वयं, परिवार और राष्ट्र कल्याण के लिएकामना किया। समापन के मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा, चतुर राम देवांगन ने संबोधित किया। आभार प्रदर्शन युवा प्रकोष्ठ के गौकरण बसु ने किया। कार्यक्रम में मुकुंद निषाद, प्रेम साहू, तिलक यादव, लोकनाथ यादव, ईश्वरी यादव, गौरी शंकर यादव, बच्चू देवांगन, श्री विनायक, गौकरण बसु, दया मंडावी, जगत उईके, कन्हैया कौशिक, राजू, मुकुंद, नारद, देवेंद्र साहू, कुलदीप कोशे, संतोष देवांगन, सुकालू साहू, रामेश्वर हाथीमारे, रामाधार यादव, भागीरथी गजेंद्र, मानिक साहू, बचनेश त्रिपाठी, विनोद द्विवेदी, हरिकीर्तन निषाद, मंगल सिन्हा, केशरी देवांगन, सुनीति यादव, सुनती साहू, रामेश्वरी निषाद, निर्मला वर्मा, यशोदा यादव, सुधा श्रीवास्तव, कामिनी बसु, चंदा साहू, मुरली चौधरी, ढालसिंह साहू, हिरेंद्र ठक्कर, मीता ठक्कर, अहिल्या साहू, अश्वनी शिवारे, किरण सिन्हा, भेष साहू, गोपाल साहू, प्रभुराम वर्मा, रोहिणी जंघेल, राधेश्याम देवांगन, हरीश गांधी, श्री लड्डा, रूपाली गांधी, सालिक राम साहू, डॉ फ़टिंग शामिल हुए।

# किसान के खेत में पानी घुसने से चना की फसल हुई बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढारा

ग्राम पंचायत ढारा में जल संसाधन विभाग की लापरवाही से नहर का पानी खेत में घुसने से चने की फसल बर्बाद हो गई। जानकारी के अनुसार ढारा के उधोराम यादव की घर के पीछे लगभग एक एकड़ जमीन है। जिसमें उसने चना की बोनी किया है। डंगोरा जलाशय की नहर से जलाशय का पानी आता है। उधोराम यादव सहित अन्य किसानों का आरोप है कि जल संसाधन विभाग ने सालों से नाले का मेंटेनेंस नहीं किया है। मेंटेनेंस नहीं होने के कारण नाले में कचरा जाम हो जाता है जिससे पानी नहर में बहने के बजाए खेतों में भर जाता है जिससे फसल बर्बाद हो जाती है। आक्रोशित किसानों ने मुहावजे की मांग किया है।



#### ग्रामीण डालते हैं कचरा

किसान से जानकारी मिली है। नहर में कुछ ग्रामीण कचरा फेंकते है जिसके कारण ऐसी समस्या उत्पन्न होती है। पूर्व मे सरपंच से भी इस बारे मे बात किया था। अब जो भी इस प्रकार का कार्य करेगा उसे नोटिस दिया जाएगा।

**- असद सिद्धकी,** एसडीओ

#### शिकायत के बाद भी विभाग मौन

ढारा के भागचंद, रूपचंद वर्मा, मदन, रामवतार ने बताया कि इससे पहले भी जल संसाधन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को समस्या से कई बार अवगत कराया जा चुका है किंतु वह ध्यान नहीं देते और नहर की सफाई व मेंटेनेंस नहीं कराते जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। किसानों की मांग है कि जलाशय से पानी तब ही छोड़ा जाए जब जलाशय से जुड़े नाले की सफाई हो जाए।

# सहसपुर में 25 लाख के भवन लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत सहसपुर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने लाकार्पण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर साहू भवन 6.50 लाख, आदिवासी भवन 6.50 लाख, रंगमंच 3 लाख, सामुदायिक भवन 6.50 लाख, आंगनवाड़ी भवन 7.20 लाख का लोकार्पण फीता काटकर किया।

सरपंच युवराज चंद्रवंशी के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री साहू एवं जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सभी भवन का निर्माण हुआ। रिपा के तहत दो करोड़ के कार्य चल रहे थे जिसे भाजपा सरकार ने बंद करा दिया। जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिंन्हा ने सरपंच एवं पंच की एकता की सराहना करते हुए कहा कि यहां बहुत अच्छे काम हुउ है। अंत में आभार व्यक्त सरपंच श्री चंद्रवंशी ने किया। इस मौके पर पंचराम चंदेल, लालाराम वर्मा, दिनतु प्रकाश जांगड़े, रंजीत भारती, मदन सिन्हा, शत्रुघ्न साहू, धर्मदास साहू, विभीषण साहू, गैंदलाल चंद्रवंशी, लतखोर चंद्रवंशी, धनवंती चंद्रवंशी, हेमपुष्पा चंद्रवंशी, भगवती साहू, लक्ष्मी साहू ,भुनेश्वरी साहू ,संतोषी सिन्हा आदि मौजूद थे।



## नगर के एटीएम में सुरक्षा का अभाव

**डोंगरगांव।** ग्राहकों की सुविधा के लिए नगर में विभिन्न बैंकों ने एटीएम लगाए है किन्तु सुरक्षा की अनदेखी किया जा रहा है। एटीएम में सुरक्षा कर्मचारी भी नहीं रहते और न साफ सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है। एटीएम के अंदर गंदगी पसरी रहती है। सहकारी बैंक के एटीएम में कुछ वर्षों तक सुरक्षा कर्मचारी तैनात किया गया था जो अब बैंक में डयूटी कर रहा है। इस एटीएम के मुख्य मार्ग पर होने से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग राशि का आहरण करने पहुंचते हैं। यहां किसी कर्मचारी के नहीं रहने से ग्रामीणों को जानकारी के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही हाल अन्य एटीएम का भी है। पर मेंटनेंस न होने की वजह से एटीएम जर्जर स्थिति में नजर आने लगे हैं।




## सालाना खेल आज से

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कल 19 से 21दिसंबर तक रखा गया है। खेल गतिविधियों का उद्घाटन कल सुबह 11 बजे होगा। स्पर्धा अंतर्गत कल सलाद सजावट, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, कक्षा सजावट, रंगोली, गुलदस्ता, केश सज्जा, पूजा थाली सजाओ स्पर्धा होगी। इसी क्रम में 20 दिसंबर को गोला फेंक, लंबी कूद, चम्मच दौड़, जलेबी दौड़, रस्सीकूद, फुगड़ी, रस्साकसी, चेस, मेहंदी तथा 21 दिसंबर को 100 मीटर दौड़, रिलेरेस, बोरा दौड़, आलू दौड़, टेटंगी, कुर्सी दौड़, सांखली, सुईधागा दौड़, कैरम आदि प्रतियोगिता के अलावा चित्रकला का भी आयोजन होगा। स्पर्धा का संचालन क्रीड़ा सहायक अधिकारी दुष्यंत साहू करेंगे। यह जानकारी ओमप्रकाश सहारे ने दी।

# धान खरीदी केन्द्र में कांग्रेस ने दिया धरना




**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने मंगलवार को धान खरीदी केंद्र कसारी और मुड़पार में आयोजित किसानों के धरना में शामिल हुए। उन्होंने राज्य सरकार से किसानों के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश में सबसे पहले धान खरीदी की शुरूवात तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने किया था। उन्होंने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां किसानों को गर्त में डाल रही है। किसान अपनी फसल का उचित मूल्य पाने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर है। सभा को जिला अध्यक्ष भागवत साहू, मदन साहू, सुरेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष हीरा सोनी, होमदत्त वर्मा, जयचंद ठाकुर, आशा मंडवी, नरेंद्र वर्मा, मनोज सिन्हा, देवलाल वर्मा, दशरथ ठाकुर, विश्राम वर्मा आदि ने संबोधित किया। अंत में राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। धरना में बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082






## खबर संक्षेप



### बाबा की जयंती पर निकली शोभायात्रा

**गंडई पंडरिया।** नगर में बाबा गुरु घासीदास जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान न्यू बस स्टैंड से सतनामी समाज के युवाओ ने डीजे के साथ भक्ति गीत पर नाचते गाते शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए वापस न्यू बस स्टैण्ड पहुंचकर समाप्त हुई। वार्ड 15 में जीवन दास रात्रे के घर के सामने स्थित जैतखाम में पूजा अर्चना कर पाला चढ़ाया गया। इसी प्रकार वार्ड 14 के प्राचीन शिव मंदिर के समीप स्थित जैत खाम में पाला चढ़ाया गया। गुरु घासीदास जयंती के मौके पर सामाजिक जनों ने पूजा अर्चना किया।

### सतनाम मेला व पंथी नृत्य स्पर्धा कल

**मेढ़ा।** ग्राम पंचायत पिनकापार में 20 दिसंबर को सतनाम मेला का आयोजन रखा गया है। गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर पर सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से पंथी नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया है। स्पर्धा के महिला वर्ग में विजेताओं को क्रमश= 5001, 3001, 2001, 1111, पुरुष वर्ग में 8001, 5001, 3001, 2001, 1001 रूपए दिया जाएगा। इसी कड़ी में प्रथम मंचस्थ को 501, श्रेष्ठ गायक, मादर वादक, छांछ मादर, झुमका वादक को 501, अंतिम मंचस्थ को 301, अन्य को 800 रूपए दिया जाएगा। मुख्य अतिथि सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष युवराज दिरही होंगे। अध्यक्षता विधायक दलेश्वर साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य प्रभा रमेश साहू होगी। यह जानकारी गोविंद गेंदले, भारती पटेल एवं धनेश सिन्हा ने दी।

### भोलापुर में भागवत कथा 23 से



**छुरिया।** भोलापुर में जय मां अंबे पंचदर्शन मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 23 से 31 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक पं. राजकुमार त्रिपाठी थान खम्हरिया होंगे। ग्रामीणों ने गत महाराज श्री को श्रीफल भेंट कर निमंत्रण दिया। कथा का शुभारंभ 23 दिसंबर को भागवत स्थापना, ज्ञान भक्ति, वैराग्य, गौकर्ण कथा से होगा। आगामी 24 दिसंबर को सुकदेव, व्यासनारायण, नारद जन्म, परीक्षित, श्राद्ध, महाभारत, 25 को सृष्टि वर्णन, कपिलमुनि अवतार, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत, 26 को प्रहलाद कथा, गजग्राह युद्ध, समुद्र मंथन, वामन अवतार, 27 को राजा हरिशचन्द्र, राम अवतार, भरत मिलाप, कंस जन्म, कृष्ण जन्म, 28 को कृष्ण उत्सव, गोवर्धन पूजा, रामलीला, कालिया मर्दन, 29 को रूखमणी विवाह, सुदामा चरित्र, 30 को श्री कृष्ण गो लोक गमन, राजा परीक्षित मोक्ष के बाद शोभायात्रा निकलेगी। कथा का समापन 31 दिसंबर को गीता सार, तुलसी वर्षा, हवन, पूर्णाहूति, प्रसादी वितरण के साथ होगा।

### ग्राम पंचायतों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**मोहला।** छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के तहत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटरा, बिहरीकला, चिल्हाटी, बांधाबाजार में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्देश्य लोगों को स्वच्छता से जोड़ना है। घरों का कचरा बाहर नहीं फेंकना, गंदगी नहीं फैलाने का संदेश दिया गया। स्वच्छता दीदियों एवं ग्राम पंचायत के जनप्रतिनियों के सहयोग से स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम अंतर्गत सतत रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे ग्रामीणजनों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आ रही है। पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने की दिशा में ग्रामीणों का सार्थक सहभागिता देखने को मिल रहा है।

### बीमार पत्नी को लेकर 4 किलोमीटर का सफर किया तय

# पत्नी की हालत बिगड़ी, बैलगाड़ी में लाया बाजार अतरिया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

वर्तमान समय में एक ओर स्वास्थ्य विभाग अस्पतालों में और शासन प्रशासन आम लोगों को इलाज सहित आवाजाही के लिए पर्याप्त सुविधा का दवा करते आ रही है वही दूसरी ओर ब्लाक के रगरा निवासी बुजुर्ग हीरादास कोठले को हिलने डुलने में असमर्थ अपनी बीमार पत्नी को इलाज के लिए बैलगाड़ी का सहारा लेना पड़ा।

शुक्रवार दोपहर रगरा निवासी हीरादास कोठले अपनी बीमार पत्नी को बैलगाड़ी से इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा था। पत्नी की तबियत अचानक बिगड़ गई और हाथ-पैर में अकड़न की वजह से वो साइकिल या मोटरसाइकिल पर बैठने में असमर्थ थी जिसके कारण हीरादास ने आवाजाही को लेकर पुराने जमाने के एकमात्र माध्यम बैलगाड़ी का सहारा लिया। कोठे से सफेद बैलों को जोता और हकालते हुए चार किमी दूर बाजार अतरिया पीएचसी पहुंचा जहॉ इलाज कराने के कुछ घंटो बाद स्वास्थ्य बेहतर होने पर बैलगाड़ी से वापस लौट गया। बुजुर्ग हीरादा कोठले ने बताया कि लगभग एक महीनों से उसकी पत्नी बीमार है। बेटे बहू पड़ोसी राज्य कमाने खाने गए है और घर मे दो छोटे-छोटे नाती के साथ रहता है। शुक्रवार सुबह अचानक पत्नी के हाथ पैर में जकड़न होने के कारण उसे कुछ नही सूझा तो बैलगाड़ी से चार किमी दूर बाजार अतरिया ले गया।



#### मामले की करेंगे जांच

अगर हीरादास ने 108 एंबुलेंस सेवा के लिए संपर्क किया होता तो उन्हें एंबुलेंस की सुविधा जरूर मिलती। मामले में जांच करेंगे कि एंबुलेंस सेवा लेने के लिए बुजुर्ग ने फोन किया था या नहीं उसके बाद ही कुछ कहना बेहतर होगा।

- **डॉ. विवेक बिसेन,** बीएमओ

#### जागरूकता का अभाव

पूरे मामले देखा जाए तो स्पष्ट पता चलता है कि सरकारी योजनाओं का पर्याप्त प्रचार प्रसार नही होने के कारण आज भी ग्रामीण क्षेत्र में जागरुकता की कमी है। हीरादास ने बिना एंबुलेंस को कॉल किए ही बैलगाड़ी से अपनी पत्नी को अस्पताल पहुंचाया और उसी बैलगाड़ी से वापस लौट गया। इस बीच उसने फौरी तौर पर राहत पाने अड़ोस पड़ोस के लोगों को बताया और नही सहयोग मांगा जिसके कारण यह परिस्थिति निर्मित हुई। पूर्व सरपंच लालाराम वर्मा ने बताया कि हीरादास ने पत्नी की तबियत अचानक खराब होने की जानकारी किसी को नही दी नही तो मानवीय दृष्टिकोण से उसका जरूर सहयोग किया जाता। फिलहाल हीरादास की पत्नी की हालत अब बेहतर है और वह घर में आराम कर रही है। गौरतलब है कि बाजार अतरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 6 उप स्वास्थ्य केंद्र मड़ौदा, चंदैनी, बाजार अतरिया, मंडला, डोकराभाठा और जोरातराई शामिल है। इसके अलावा 43 गांव भी इसी केंद्र से जुड़े हैं जहां से सैकड़ों मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए पहुंचते है।

# दीवानभेड़ी धान खरीदी केन्द्र का लिया जायजा

### बारदाना एवं धान उठाव की ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

डोंगरगांव सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, दीवानभेड़ी के हेनुराम साहू, जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक प्रशांत बाजपेई, सुपरवायजर पंचराम कोसा ने बुधवार को सेवा सहकारी समिति दीवानभेड़ी का निरीक्षण करते हुए बारदाना की व्यवस्था, धान के उठाव की जानकारी लिया।

उन्होंने बताया कि सभी समितियों में किसानों को 20 हजार तक भुगतान करने माइक्रो एटीएम उपलब्ध है से किसान राशि का आहरण कर सकते हैं।

#### परिवहन बेहद धीमा

जानकारी के अनुसार दीवानभेड़ी में अब तक 37110 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। वहीं परिवहन मात्र 6620 क्विंटल का हुआ है। उम्मीद है कि राइस मिलर्स के हड़ताल से लौटने के बाद सभी खरीदी केंद्र से धान का उठाव तेज हो जाएगा। उठाव के बाद बारदाना और जगह की समस्या समाप्त हो जाएगी।

## जयंती पर निकली शोभायात्रा, जैतखंभ में हुआ ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

सतनाम धर्म के प्रवर्तक बाबा घासीदास की 268 वीं जयंती पर शहर सहित पूरे इलाके में विभिन्न आयोजन हुआ। खम्हरिया में पार्षद दिलीप लहरे सहित अन्य ने जैतखंभ में ध्वजारोहण किया, दाऊचौरा में पार्षद विनय देवांगन, डॉ संजय बंजारे, कौशल कोसरे, हीरालाल देवांगन, पंचलाल सोनवानी, धनेश मारकंडेय सहित अन्य ने मिनीमाता और जैतखंभ की पूजा अर्चना की, अमलीडीह खुर्द वार्ड में पार्षद शत्रुहन धृतलहरे ने समाज के वरिष्ठों के साथ ध्वजारोहण और पूजा अर्चना किया।

लालपुर में भी रमेश मेंद्र, उमेश कोठले सहित अन्य ने जैतखंभ की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में अतिथियों ने मनखे मनखे एक समान की अवधारणा को मानने वाले बाबा घासीदास के बताए रास्तों पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामाजिक असमानता को नकारने और पशु क्रूरता के घोर विरोधी बाबा ने सतनाम पंथ स्थापित कर समाज को नई दिशा दी है।

शहर मे सिविल लाइन सतनाम समाज द्वारा बाबा घासीदास के तैल चित्र, आतिशबाजी और डीजे धुमाल के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्वेत वस्त्रों में सिर पर साफा बांधे युवाओं सहित युवतियों की टोली नाचती झूमती नजर आई।

## समाज व गांव के विकास के लिए शिक्षा जरूरी : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

- दपका में विभिन्न भवनों के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विक्रांत

ब्लाक के ग्रापं दपका में नवनिर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन, सामुदायिक भवन और आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य, जिपं सभापति व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू की अध्यक्षता और जिपं सभापति विप्लव साहू, जनपद सदस्यद्वय लखनलाल साहू, पारखदास कोसरे, शैलेंद्र मिश्रा और परमानंद साहू के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। लोकार्पण को लेकर आयोजित मंचीय कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि समाज व गांव के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा का होना आवश्यक है। शिक्षा मंदिर के रूप में नवीन विद्यालय भवन सौंपने का अवसर मिला है ताकि गांव के बच्चे बेहतर वातावरण में अच्छे से ज्ञानार्जन कर परिवार, समाज और गॉव के विकास में अपना योगदान दे।



#### हर वर्ग के लिए काम कर रही सरकार

उन्होंने कहा कि शासन हर वर्ग के सर्वांगीण विकास को लेकर कटिबद्धता से काम कर रही है जो डबल इंजिन सरकार होने के बाद और तेज हो गया है। कार्यक्रम अध्यक्ष क्षेत्रीय जिपं सदस्य घम्मन साहू ने मौजूद सभी लोगों से शिक्षा मंदिर मे बैठे होने के चलते संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि अपने अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा ग्रहण कराएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज मे थम चुकी विकास की गति पीएम मोदी और सीएम साय के डबल इंजिन सरकार के चलते तेज गति से दौड़ रही है। गरीब, अन्नदाता, युवा व नारी को पैमाना मानकर चारों वर्ग के उत्थान के लिए योजना बनाकर संकल्पित होकर इस दिशा में काम कर रही है। इस अवसर पर सरपंच सुनीता साहू, सरपंच प्रतिनिधि ज्ञानचंद साहू, पूर्व सरपंच मनहरण देवांगन, रत्नेश रजक, सचिव अजहर साहू सहित सभी शिक्षक गण सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### जमीन बेचने की शिकायत

**कहगांव।** मानपुर ब्लॉक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत भर्रीटोला के वार्ड क्रमांक 20 में करीब 3 एकड़ जमीन है, जिसे कुछ लोगों द्वारा बेचा जा रहा है। जबकि इस संबंध में पंचायत ने किसी प्रकार का प्रस्ताव किया है और न किसी ने मंजूरी की है। कार्रवाई नहीं होने से जमीन बेचने वालों के हौसले बुलंद है। ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से शिकायत कर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।

### डोंगरगांव में 22 को महासभा की बैठक

**राजनांदगांव।** कोसरिया यादव महासभा की आवश्यक बैठक आगामी 22 दिसंबर को दोपहर 12 बजे यादव भवन डोंगरगांव में रखी गई है। बैठक में जिला के सभी सम्माननीय कार्यकर्तागण, तहसील, सर्किल और नगर के पुरूष-महिला और युवा पदाधिकारीगण, संरक्षकगण, गौटियागण, सक्रिय सदस्य समेत अन्य लोग शामिल होंगे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी दुर्गा प्रसाद यादव ने दी।

## छात्रों ने देखा विवि और भोरमदेव मंदिर

- इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय के इतिहास विभाग के छात्र छात्राओं ने गत दिनों प्राचार्य डॉ बीएन मेश्राम के मार्गदर्शन में भोरमदेव का शैक्षिक भ्रमण सहायक प्राध्यापक प्रियांकी गजभिए के निर्देशन में किया। महाविद्यालय के 42 छात्रों के दल ने खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय के मूर्तिकला, संगीतकला, गायन-वादन, चित्रकला, काष्ठ कला, फाइन आर्ट, थिएटर आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के संग्रहालय में विभिन्न ऐतिहासिक कलाकृतियों की जानकारी हासिल किया।



भोरमदेव मार्ग पर स्थित नर्मदा कुंड एवं गंडई के प्राचीन शिव मंदिर का दर्शन किया। उन्होंने कलचुरी राजवंश द्वारा 11 वी शताब्दी में निर्मित प्राचीन शिव मंदिर का जायजा लिया।

इस दौरान बोड़ला ब्लॉक स्थित रानीदहरा जलप्रपात के प्राकृतिक सुंदरता का आनंद उठाया। अंत में चौरागांव स्थित और खजुराहों के नाम प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर का दर्शन किया गया। भ्रमण के दौरान जन भागीदारी शिक्षक रामचंद्र भार्गव ने भी सहयोग दिया।

## किशोर स्वास्थ्य और आरोग्य दिवस मना

- स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग का संयुक्त आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

दस से अठारह साल उम्र सीमा वाले किशोर बच्चों के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक स्वास्थ्य का मजबूत बनाने क्वार्टरली एडोलसेंट हेल्थ एंड वेलनेस डे का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियो का संचालन किया गया जिसमे प्रमुख रूप से गैर-संचारी रोगों से बचाव, एनीमिया की रोकथाम, आयरन-फोलिक एसिड अनुपूरण, सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम, टीकाकरण, संतुलित और पौष्टिक आहार का महत्व, नशे व तंबाकू के दुष्प्रभाव, फिजिकल एक्टिविटी और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता शामिल था।टीकाकरण अभियान तहत 10 और 16 वर्ष के आयु वर्ग के किशोरों को टेटनस का टीका लगाया गया। एनीमिया मुक्त भारत अभियान तहत आयरन फोलिक एसिड की गोलियां वितरित की गईं। किशोरों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



#### समस्याओं पर चर्चा

कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टरों, शिक्षकों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्वास्थ्य परामर्श सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें किशोरों ने अपनी समस्याओं पर खुलकर चर्चा की और समाधान प्राप्त किया। सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम जिले में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और किशोर किशोरियों के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। किशोरों को स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की अपील करते हुए बताया कि यह अभिनव पहल जिले में किशोर स्वास्थ्य और कल्याण को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ विद्या एस, डॉ दीपा तिवारी के नेतृत्व में बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, डॉ मनीष बघेल, बीपीएम बृजेश ताम्रकार, बीपीएम आकाश तंबोली, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों व ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों ने अपनी सेवा दी।

### प्ली बारगेनिंग के संबंध में विस्तार से दी जानकारी

# विचाराधीन बंदियों को मिली विधिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व अध्यक्ष सुषमा सावंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार सचिव हेमंत कुमार रात्रे और तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा सलोनी उप जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला व अपर सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप ने बंदियों को बाबा गुरु घासीदास जयंती की शुभकामना देते हुए प्ली बारगेनिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा किया गया ऐसा अपराध जिसकी सजा सात साल या उससे कम है या अभियुक्त ने पहली बार अपराध किया है वह अपनी सजा कम करने के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन कर सजा में सौदेबाजी कर सकता है। छोटे अपराधों में पीड़ित और अभियुक्त आपसी सामंजस्य से सौदेबाजी कर सकते हैं इसके अलावा

अगर कोई आरोपी अपनी गलती स्वीकार करता है तो उसे कम सजा दी जाती है, लेकिन प्ली बारगेनिंग का लाभ किसी भी विचाराधीन आरोपी को एक बार ही मिलता है।



मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग ने निशुल्क व सक्षम विधिक सहायता को लेकर कहा कि यह कानून निःशुल्क विधिक सहायता को मूर्तरूप देता है। यह कानून ऐसे व्यक्ति जो निर्धनता या जाति, पंथ या लिंग संबंधी संवेदनशीलता के कारण कोई मामला दर्ज करने या मामले का बचाव करने के लिए वकील की सेवा लेने में समर्थ नहीं हैं उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करता है ताकि न्यायालय में उन्हें भी वकील की सेवा मिल सके, जो बंदी अपने वेयर से अधिवक्ता नियुक्त करने में समर्थ नहीं हैं वह अपना आवेदन तालुक विधिक सेवा समिति में जेल अधीक्षक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं जहां से उनके केस में पैरवी करने अधिवक्ता निशुल्क नियुक्त किया जाता है।

#### अधिकारों के बारे में बताया

ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास गुरु प्रसाद देवांगन ने बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कानून के मुताबिक किसी भी शख्स को तब तक गुनाहगार नहीं माना जा सकता जब तक कि कोर्ट आरोपी को दोषी नहीं मानता। जब भी किसी व्यक्ति के खिलाफ कोई आरोप लगाया जाता है तो वह आरोपी होता है और जब उसका केस अदालत के सामने आता है तब उसका यह संवैधानिक अधिकार है कि उसे अपने बचाव का मौका मिले। पीएलवी गोलूदास साहू ने 8 मार्च को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के बारे में बताया। डीजे चंद्र कुमार कश्यप ने विचाराधीन बंदियों का हालचाल पूछा साथ ही उनकी समस्याओं को सुना गया और पाक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने विचाराधीन बंदियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग और मेडिटेशन कराने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। इस दौरान जेल अधीक्षक योगेश कुमार बंजारे, जेल प्रहरी प्रेम सागर साहू, चुरामन कुर्रे, फार्मासिस्ट जागेश्वर वर्मा, अखिलेश जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय प्रतिभा खोज निबंध स्पर्धा 22 को

- तीन वर्ग में होगी प्रतियोगिता, 21 दिसम्बर तक पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

साहित्य वाचस्पति डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी की स्मृति में जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से शांतिदूत संस्था द्वारा प्रतिभा खोज निबंध स्पर्धा का आयोजन रविवार 22 दिसंबर किया जाएगा। डॉ.बल्देव प्रसाद मिश्र का हिंदी साहित्य में योगदान विषय पर विक्टोरिया स्कूल परिसर में होने वाली स्पर्धा के लिए जिले के सभी शासकीय व निजी शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं को शामिल होने आमंत्रण दिया गया है।

शनिवार 21 दिसंबर तक संस्था में पंजीयन किया जा सकता है जबकि विशेष परिस्थिति में वैध परिचय पत्र के साथ प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व सीधे शामिल होने की व्यवस्था की गई है। विद्यार्थी हिंदी, अंग्रेजी दोनो माध्यम में निबंध लेखन कर सकते हैं।

#### प्रतिभागियों को मिलेगा पुरस्कार

प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर वर्ग में प्रतियोगिता होगी जिसमे प्राथमिक वर्ग में कक्षा 6वीं से 9वीं तक, माध्यमिक वर्ग में कक्षा 10वीं से 12वीं तक और उच्चतर वर्ग में स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत जिले के छात्र-छात्रा शामिल हो सकते हैं। न्यूनतम 300 से लेकर अधिकतम 1000 शब्दों में निबंध लेखन किया जा सकता है। लेखन के समय किसी भी तरह की नकल सामग्री, डिजिटल नोट्स व मोबाईल फोन जैसे उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। स्पर्धा में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार साथ भागवतशरण सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह व आयोजन संस्था शांतिदूत द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

## सार समाचार

### नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नगरीय निकाय में आगामी चुनाव में संगठन को गति देने एवं कांग्रेस पार्टी के निर्देश में चुनाव संपन्न कराने जिला कांग्रेस कमेटी में पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। श्री साहू ने बताया कि नगर पालिक निगम डोंगरगढ़ में पर्यवेक्षक श्रीकिशन खंडेलवाल, ब्लॉक अध्यक्ष विजयराज सिंह, नगर पंचायत छुरिया में पर्यवेक्षक विरेन्द्र कुमार बोरकर, ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन, राजकुमार सिन्हा कार्य. अध्यक्ष, नगर पंचायत लालबहादुर नगर में पर्यवेक्षक अंजुम अल्वी, ब्लॉक अध्यक्ष हीरा सोनी, नगर पंचायत डोंगरगांव में पर्यवेक्षक विवेक वासनिक, ब्लॉक अध्यक्ष चेतनदास साहू, नगर पंचायत घुमका में पर्यवेक्षक ब्लॉक अध्यक्ष गोवर्धन देशमुख, रतन यादव, शेखर वर्मा कार्य. अध्यक्ष आदि को नियुक्त किया गया है।

### गायत्री विद्यापीठ ने दी शानदार प्रस्तुति

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ द्वारा विजय दिवस समारोह में शानदार प्रस्तुति दी गई। समारोह का आयोजन पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम राजनांदगांव में किया गया था। प्रत्येक वर्ष 16 दिसंबर को भारतीय सेनाओं के शौर्य और बलिदान को याद करते उनके सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। इसी तारतम्य में विजय दिवस समारोह में जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से सराबोर सामुहिक नृत्य का प्रदर्शन किया। जिसमें गायत्री विद्यापीठ की शानदार प्रस्तुति रही। सामुहिक नृत्य में कक्षा सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी, जिन्हें शाला की नृत्य शिक्षिका भारती यादव के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। विद्यार्थियों की प्रस्तुति पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।




### राज्य स्तरीय खो-खो ऑफिशियल्स प्रशिक्षण 27 से

**राजनांदगांव।** लाटमेटा नवाटोला कुमरदा रा में आगामी 27, 28 एवं 29 दिसंबर को छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो-खो एसोसिएशन एवं जिला खो-खो संघ राजनादगांव के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय खो-खो, टेक्निकल ऑफिशियल्स (निर्णायक) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कोई भी खो-खो खेल से जुड़े लोग भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खो-खो खेल के नियमों, मैदान निर्माण, फाउल सिगनल्स, विशलिंग, स्कोर शीट भरना, टेक्निकल ऑफिशियल्स की ड्यूटी, नए रूल रेगलुशन, प्रेक्टिकल वर्क, फिटनेस वर्क आदि की प्रशिक्षण, खो-खो खेल के विशेषज्ञ समिति द्वारा दिया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ खो- खो संघ ने दिल्ली, अहमदाबाद, कोल्हापुर से खो-खो के विशेषज्ञ बुलाए हैं, जो छत्तीसगढ़ के खो-खो निर्णायकों को प्रशिक्षण देंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी ऑफिशियल्स के लिए आवास, भोजन, ग्राउंड की व्यवस्था लाटमेटा में किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने वाले निर्णायकों को 26 दिसंबर को शाम 7 बजे तक अपनी उपस्थिति लाटमेटा में देना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए निर्धारित शुल्क 1500 रुपए रखा गया है। प्रशिक्षित लोगों को प्रमाण पत्र, आई कार्ड और खो-खो खेल से संबंधित कुछ विशेष सामग्रियों का वितरण किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलजीत अरोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश सिंह, ललित वर्मा, पूरण जायसवाल, पूर्व महासचिव गोविंद मुदलियार के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 27 दिसंबर को सुबह 10 बजे से किया जाएगा और समापन 29 दिसंबर को शाम 4 बजे से किया जाएगा। खो-खो संघ के महासचिव तरुण शुक्ला ने उक्त जानकारी देते अधिक से अधिक संख्या में खो-खो खेल से जुड़े निर्णायकों को उपस्थित होने की अपील की है।

### ग्रामीण आवास कार्यों में न हो देरी




**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में गत दिनों मनरेगा के तहत जनहित कार्यों की समीक्षा के लिए तकनीकी सहायकों की बैठक आयोजित गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में नवीन आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। कलेक्टर प्रजापति ने निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में निर्माणाधीन आवासों की स्थिति पर भी चर्चा की।

कलेक्टर ने अधिकारियों को आवास निर्माण में किसी भी प्रकार की देरी को सख्ती से रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता और सही तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को उनका घर समय पर मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी निर्माण में गुणवत्ता और सामग्री की सही उपयोगिता को लेकर लगातार निगरानी रखी जाए। बैठक में परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, तीनों जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### एक देश, एक चुनावः ऐतिहासिक कदम



**राजनांदगांव।** भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक देश, एक चुनाव की अवधारणा एक क्रांतिकारी पहल है। इस विषय पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व नगर निगम अध्यक्ष शिव वर्मा ने कहा कि यह पहल न केवल प्रशासनिक खर्चों को कम करेगी, बल्कि शासन की गुणवत्ता और जनता की सहभागिता को भी बढ़ावा देगी। श्री वर्मा ने कहा कि बार-बार चुनाव कराने से सरकारी तंत्र पर अत्याधिक दबाव पड़ता है और विकास कार्य बाधित होते हैं। 'एक देश, एक चुनाव' से प्रशासनिक प्रक्रिया सरल होगी और संसाधनों का सही उपयोग संभव हो पाएगा। यह देश के हर नागरिक को एकजुटता और समानता का संदेश देगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह प्रणाली देश के संघीय ढांचे के अनुरूप है और इससे केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। इसके अलावा इससे वोटिंग प्रतिशत में भी वृद्धि होगी, क्योंकि जनता को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने का पर्याप्त समय मिलेगा। श्री वर्मा ने जनता और विभिन्न राजनीतिक दलों से इस पहल को समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह समय की मांग है कि हम देशहित को सर्वोपरि रखते हुए इस ऐतिहासिक निर्णय का समर्थन करें। यह कदम भारत को लोकतंत्र की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

## विस अध्यक्ष नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में हुए शामिल

# गुरू घासीदास बाबा के संदेश और विचार मार्गदर्शक व प्रेरक : रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बुधवार को पेंड्री वार्ड क्रमांक 20 में आयोजित गुरू घासीदास बाबा जयंती एवं नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने 37 लाख 85 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन का लोकार्पण किया और उन्होंने भवन का अवलोकन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन में मंच निर्माण एवं किचन शेड के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को गुरू घासीदास जयंती की शुभकामनाएं देते कहा कि सतनामी समाज शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। गुरू घासीदास बाबा के बताए रास्ते पर चलकर समाज आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी को मांस-मदिरा का सेवन नहीं करने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, शांति एवं अहिंसा के पथ पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने गांव-गांव में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने कार्य किया। सत्य ही धर्म है और धर्म ही सत्य है तथा मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। सतनामी सेवा समिति पेंड्री अध्यक्ष परस लहरे ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष प्रदेश की उन्नति के लिए कार्य करते रहे हैं। सभी के अथक प्रयासों से यह सतनाम मंगल भवन बना है। इसके लिए सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बालिकाओं के दल ने ऊर्जा, जोश एवं जुनून से भरपूर पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। ढोल एवं मंजीरे के साथ सिमरन करे बार-बार... जैसे गीत और पंथी नृत्य की लयबद्ध प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर महापौर हेमा देशमुख, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम किशुन यदु, रमेश पटेल, पंकज बांधव, शिव वर्मा, राजा माखिजा, धनेश पाटिला, सूर्य कुमार खिलाड़ी, डॉ. प्रकाश खुटे, पार्थ गेंडरे, गगन आईच, पार्षद शकीला बेगम, पिंकी साहू समेत युवराज दास ढिरहरे, दयालु खरे, अतुल विश्वकर्मा, खेमलाल वर्मा एवं सतनामी समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




#### बाबा के बताए मार्ग पर चलें

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि संत शिरोमणि गुरू घासीदास बाबा ने हमें जो मार्ग बताया है, उस पर हम सभी को चलना है। उन्होंने जो संदेश एवं विचार बताए हैं, वह सभी समाज के लिए हितकारी है। 200 वर्ष पहले उन्होंने अस्पृश्यता के खिलाफ आंदोलन चलाया था। आज हम सभी मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्हें नारी उत्थान की चिंता थी। उनकी दूरगामी सोच के कारण समाज में कुरीतियां दूर हुई। उन्होंने कहा कि पेंड्री के विकास के लिए आवश्यक कार्य प्राथमिकता से मिलकर सभी करेंगे।

#### सभी मानव एक समान

उन्होंने कहा कि सभी मानव एक समान है। सभी के खून का रंग लाल है। सभी एक-दूसरे के साथ समानता का व्यवहार करें। गुरू घासीदास बाबा का जन्म स्थान गिरौदपुरी एक चमत्कारी स्थान है, जहां उन्होंने तप किया एवं उपदेश दिया। उन्होंने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के पद पर रहते गुरू घासीदास बाबा के सम्मान में कुतबमीनार से भी ऊंचे जैतखाम के निर्माण के लिए कार्य करने का सौभाग्य मिला। हम सभी पर उनका आशीर्वाद बना हुआ है। छत्तीसगढ़ शांति, विकास एवं सौहाद्र्र के साथ आगे बढ़ रहा है। उनकी बताई गई राह मार्गदर्शक एवं प्रेरक है तथा पूरी दुनिया के लिए उदाहरण है। गुरू घासीदास बाबा ने जो सद्मार्ग बताया है, उस पर हम सभी को चलने की आवश्यकता है।

#### विकास कार्यों के लिए 10 लाख की घोषणा



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बुधवार को नंदई चौक में आयोजित गुरू घासीदास बाबा जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने शहर सतनामी समाज नंदई चौक के विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा कर तत्काल स्वीकृति दी। उन्होंने शहर सतनामी समाज सेवा समिति राजनांदगांव की शोभायात्रा को सफेद झंडा दिखाया। उन्होंने कहा किगुरू घासीदास बाबा की जयंती 18 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सहित देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। पूर्व विधायक रामजी भारती ने कहा कि आज बाबा के संदेश मनखे-मनखे एक समान हैं, के उपदेश को लेकर समाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास बाबा का आशीर्वाद पूरे समाज सहित सभी लोगों को मिल रहा है। इस अवसर पर पार्षद विजय राय ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर मधुसूदन यादव, रमेश पटेल, किशुन यदु, कोमल सिंह राजपूत, शिव वर्मा, नरेन्द्र राय, इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतुल विश्वकर्मा, खेमलाल वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी तथा

### सिंगदई सर्कल यादव समाज की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** मोहारा वार्ड के संस्कार भवन में सिंगदई सर्कल यादव समाज की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सामाजिक संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अध्यक्ष विशारद यादव द्वारा समाज की बैठक में आने-जाने वाले गरीब तबके के लोगों के लिए सामाजिक सहयोग प्रकोष्ठ बनाया गया। जिसके माध्यम से समाज के लोगों को दुर्घटना की स्थिति में सहयोग प्रदान किया जाएगा। समाज में गरीब परिवार की लड़कियों का किसी कारण पढ़ाई न रूके उन स्थितियों में सहयोग प्रदान किया जाएगा।



उपाध्यक्ष पवन यादव ने कहा समाज में गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को शासन से शासकीय योजना के माध्यम से इलाज हो जाता है, पर दवाई-गोली आदि शारीरिक चेकअप कराने में बहुत रुपए खर्च हो जाते हैं। इसके अलावा आने-जाने में होने वाले खर्च से आर्थिक भार पहुंचता है, ऐसे लोगों के लिए कुछ आर्थिक सहयोग प्रदान करने यादव समाज द्वारा सहायता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। बैठक में सचिव थनवार यादव, सहसचिव मनोज यादव, संरक्षक शिवलाल यादव, देवनारायण यादव, भगवान सिंह यादव, संतोष यादव, बसंत यादव, कुशल यादव, पुरुषोत्तम यादव, गोवर्धन यादव, लालचंद यादव आदि की उपस्थिति रही।

## सेमिनार व प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन एवं प्राध्यापक डॉ. एसआर कन्नोजे और गुणवंता दास खरे के नेतृत्व में 13 दिसंबर को शासकीय सर्वेश्वरदास नगरपालिका निगम उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव में समसामयिक शैक्षिक विषयों पर सेमिनार एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



श्री खरे ने सेमिनार में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को 12वीं के पश्चात और उच्च शिक्षा के बाद कैरियर के विभिन्न अवसरों, उच्च शिक्षा के महत्व, नई शिक्षा नीति 2020 के पाठ्यक्रम और आंतरिक व सेमेस्टर परीक्षा पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. कन्नोजे ने शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में संचालित विभिन्न संकायों और उनके पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की लाइब्रेरी में पाठ्यक्रम और प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्कॉलरशिप, खेल मैदान, पेड़-पौधों से आच्छादित बगीचा, एनएसएस, रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब, विज्ञान क्लब, आईसीटी से सुसज्जित अध्ययन-अध्यापन कक्ष एवं हरियाली से परिपूर्ण महाविद्यालय की अधोसंरचना के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। तत्पश्चात सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों से समसामयिक विषयों पर प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्नों के उत्तर दिए। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शासकीय सर्वेश्वरदास नगरपालिका निगम उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव की प्राचार्य कुमकुम झा, शिक्षकगण एवं 250 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## मनाया गया विजय दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के विजय दिवस की याद में जयस्तंभ चौक राजनांदगांव में विजय दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई एवं कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में खूबचंद पारख, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष अशोक कुमार झा, 1971 भारत-पाक युद्ध में शामिल सेना के जवान गुरमित सिंह भाटिया, बसंत राउटे, गुमान सिंह, उमेश कुमार, पीयूष कुमार, संतोष कुमार, अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा, बीएल सिन्हा, उमा सिंह गणपत, ईश्वरलाल, संजय कुमार, जनकलाल सहित अन्य सैनिक व बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## छह दिवसीय उत्कर्ष का समापन

**राजनांदगांव।** जिला जेल राजनांदगांव में बंदियों के लिए 6 दिवसीय उत्कृर्ष (सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन) 12 से 18 दिसंबर तक हुआ। जिसका समापन समारोह कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, एडीएम इंदिरा नवीन सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस इशु अग्रवाल, जिला सेनानी अरूण सिंह, जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत की उपस्थिति में हुआ।




इस अवसर पर बंदी भाईयों द्वारा पंथी नृत्य से अतिथियों का स्वागत किया गया। उत्कर्ष का उद्देश्य बंदियों के मध्य विभिन्न खेल अवाम सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर उनके मन में सकारात्मक भाव पैदा करना है।

जिला जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत ने यह बताया कि इस तरह का यह पहला आयोजन इस जेल में हुआ है। जिसके अंतर्गत क्रिकेट, शतरंज, कबड्डी, कुर्सी दौड़, भाषण प्रतियोगिता, पंथी नृत्य व कविता प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमे 100 से अधिक बंदियों ने भाग लिया।

समापन समारोह की शुरूआत गुरु घासीदास की पूजा-पाठ कर किया गया। बंदियों द्वारा पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं एसपी द्वारा बंदियों को आशीर्वचन दिया गया एवं जीते हुए प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर जेल शिक्षक चंद्रवंशी एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

### शा.कर्मचारी संघ की सभा आयोजित

**राजनांदगांव।** छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा राजनांदगांव की कार्यकारिणी की एक सभा 18 दिसंबर को आहूत की गई थी। संघ के प्रमुख संरक्षक पीआर तथा प्रांताध्यक्ष जीआर चंद्रा के मार्गदर्शन व निर्देशन तथा प्रदेश महामंत्री विजय लहरे व दुर्ग संभाग अध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अरूण कुमार देवांगन ने की।

सभा में विभिन्न कर्मचारी समस्याओं, छोटे बच्चों की उचित देखभाल संबंधी महिला कर्मचारियों की परेशानी के दृष्टिगत ही झूला-घर की आवश्यकता, संघ की सदस्यता व कार्यकारिणी पुनर्गठन आदि विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सभा में संघ के सक्रिय सदस्यगण उपस्थित रहे।

### 2937 बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच

**राजनांदगांव।** जिले में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा स्वस्थ नोनी कार्यक्रम की पहल की गई है। विशेष तौर पर बालिकाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने एवं उनके हिमोग्लोबिन का परीक्षण करते उनके स्वास्थ्य की दिशा में कारगर कदम बढ़ाए गए है। इसी कड़ी में बीते दिनों कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में किशोरी बालिकाओं के लिए स्वस्थ नोनी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विकासखंड स्तर व सेक्टर स्तर पर विकासखंडों में चिरायु टीम व गठित चिकित्सकीय दल द्वारा शासकीय उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कुल 2937 किशोरी बालिकाओं की जांच की गई। जिसमें 8 ग्राम से कम हिमोग्लोबिन वाले 18 किशोरी बालिकाओं को काऊंसिलिंग कर उपचार किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि स्वस्थ नोनी कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा, हाथ धोने की विधि, किशोरी बालिकाओं में होने वाले शारीरिक बदलाव, तनाव प्रबंधक, एचआईव्ही, भावनात्मक स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा कर सलाह दी गई।

## गायत्री शक्तिपीठ में 21 को विराजेंगी वेदमाता गायत्री

**राजनांदगांव।** शहर के पोस्ट आफिस चौक सुभाष द्वार स्थित पुरानो गायत्री शक्तिपीठ का नई साज-सज्जा के साथ भव्य नवनिर्माण किया गया है। मंदिर में 21 दिसंबर को वैदिक मंत्रोच्चार व यज्ञ हवन के बीच वेदमाता गायत्री प्रतिमा का पुनर्स्थापना की जाएगी। वहीं मां गायत्री मंदिर का वार्षिक उत्सव समारोह का भी भव्य आयोजन किया जा रहा है।

**शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा**

गायत्री शक्तिपीठ में 19 से 20 दिसंबर तक रोजाना सुबह 6 से शाम 6 बजे तक 24 घंटे का अखंड जाप तथा 20 दिसंबर को गायत्री शक्तिपीठ से सुबह 10 बजे से शहर में भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। 21 दिसंबर को वेदमाता गायत्री प्रतिमाओं की पुनर्प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व विभिन्न संस्कार के साथ संपन्न किए जाएंगे।

शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व निर्माण प्रभारी तथा उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में 22 दिसंबर को ही परम पूज्य गुरूदेव श्रीराम शर्मा आचार्य के शुभ हाथों द्वारा वेदमाता गायत्री प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी। इस अवसर पर 4 दिवसीय कार्यक्रम के तहत 20 दिसंबर को भव्य कलश शोभायात्रा आयोजित है। इसके पूर्व सुबह से दिनभर अखंड जाप व 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सहित विभिन्न संस्कार आदि के कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे।

शक्तिपीठ के व्यवस्थापक ओमप्रकाश ने बताया कि शक्तिपीठ की ओर से 20 दिसंबर को शहर में निकाली जाने वाली भव्य मंगल कलश शोभायात्रा व आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम में सभी गायत्री परिजनों सहित समस्त सनातन धर्मी/हिंदू धर्मावलंबियों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

10 जनवरी 2025
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

## खबर संक्षेप



### मनोज ध्रुवे का आईटीबीपी में चयन, लोगों में उत्साह

**हरिभूमि कोलेगांव।** कहते है कि सफलता कठिन परिश्रम और लगन से ही मिलती है और इस बात को सेमरकोना निवासी मनोज ध्रुवे ने सिद्ध कर दिया। उन्होने कठिन परिश्रम और लगन से लगातार प्रयास करते हुए अपने तीसरे प्रयास में आईटीबीपी पुलिस फोर्स में चयनित हुआ है। उन्होंने अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व परिजन तथा ग्राम सेमरकोना को दिया। सेमरकोना में संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव में सम्मान समारोह आयोजित किया जिसमें मनोज ने अपने सफलता की कहानी बताई और बच्चों को भी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य विजय कुमार वैष्णव और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मनोज ध्रुवे को उनकी सफलता पर ग्राम सेमरकोना के साथ-साथ आसपास के गांव का नाम रौशन किया जिसमें गांव व क्षेत्रवासियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

### सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की जयंती की दी बधाईः अर्जुन तिवारी

**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश प्रतिनिधि अर्जुन तिवारी ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक (संस्थापक) बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा गुरुघासी दास से प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की है। श्री तिवारी ने कहा कि सतनाम पंथ के संस्थापक (प्रवर्तक) गुरु घासीदास भारत के छत्तीसगढ़ राज्य की संत परम्परा में सर्वोपरि हैं, समाज मे व्याप्त पशुबलि तथा अन्य कुप्रथाओं का ये बचपन से विरोध करते रहे, समाज मे नई दिशा प्रदान करने में उन्होने अतुलनीय योग्यदान दिया। सत्य को साक्षात्कार करना ही बाबा गुरु घासीदास का परम लक्ष्य था, गुरुघासी का जन्म ऐसे समय हुआ था जब समाज में छुआछूत, ऊंच-नीच, झूठ-कपट का बोल-बाला था, बाबा ने ऐसे समय में समाज में समाज को एकता-भाईचारा तथा समरसता का संदेश दिया, गुरुघासी ने समाज के लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी, उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की बल्कि समाज में नई जागृति पैदा की और अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग मानवता की सेवा कार्य में किया। उन्होने कहा कि सतनाम पंथ के लोग इन्हें अवतारी पुरूष के रूप में मानते हैं, घासीदास समाज में व्याप्त छुआछूत की भावना के विरुद्ध मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया, छत्तीसगढ़ राज्य में गुरुघासी दास की जयंती 18 दिसम्बर से माह भर व्यापक उत्सव के रूप में समूचे राज्य में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। गुरुघासी का जीवन-दर्शन युगों तक मानवता का सन्देश देता रहेगा, ये आधुनिक युग के सशक्त क्रांतिदर्शी गुरु थे।



### सामाजिक त्यौहार मनाने एक दिन के लिए व्यापारिक प्रतिष्ठान रखेंगे बंद



**हरिभूमि कवर्धा।** डड़सेना कलार समाज कवर्धा के सामाजिक भवन में कबीरधाम जिला के पदाधिकारी, परिक्षेत्र के पदाधिकारी, संरक्षक गण एवं आजीवन सदस्यों और सामाजिक सदस्यों तथा नवयुवकों की आवश्यक बैठक 18 दिसम्बर को जिलाध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम मुख्यतः 23 दिसम्बर को जिला डड़सेना कलार समाज कबीरधाम द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन, डड़सेना गौरव सम्मान, प्रतिभा सम्मान व सामाजिक पत्रिका प्रकाशन के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश एवं दायित्व विभाजन के संबंध में आहूत की गई। उक्त बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा के बारे में उपस्थित सामाजिक जनो को अवगत कराते हुए कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। सभा में उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओ को स्पष्टतः अपील किया गया कि 23 दिसम्बर को जिला कबीरधाम के समस्त सामाजिक बंधुओं को एक दिन का त्यौहार मनाना है इसके लिए सभी सामाजिक बन्धुओं को आपने अपने कार्यों और प्रतिष्ठानों को कार्यक्रम के दिन स्वस्फूर्ति पूर्णतः बन्द रखने कर्मचारियों को अवकाश लेकर सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु अपील की गई। समाज के सभी पदाधिकारियों को सुबह 10 बजे अपने-अपने परिक्षेत्र के सभी सामाजिक बन्धुओ, माताओ, बहनों, युवा साथियो व नन्हे मुन्ने बच्चों सहित अनिवार्यतः उपस्थित रहने स्पष्टतः निवेदन किया गया। जिसमें कवर्धा, सहसपुर लोहारा, बोड़ला व पंडरिया के चारो परिक्षेत्र के पदाधिकारियों को सम्पूर्ण दायित्व के निर्वहन हेतु अपनी-अपनी टीम बनाकर पूरे टीम सहित कार्यक्रम के समापन तक तटस्थ रहने कहा गया। जिलाध्यक्ष ने एकजुट होकर सामाजिक एकता प्रदर्शित करते हुए जिले के सभी सामाजिक जनो को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर व आसपास के जिले मे निवासरत सभी सामाजिक सम्बन्धियों एवं परिवार के सभी सदस्यों को भी आमंत्रित कर कार्यक्रम को सफल बनाने आह्वान किया गया।

### प्रखर हिंदुत्ववादी वक्ता गौतम खट्टर का कार्यक्रम 28 को

**हरिभूमि कवर्धा।** पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में मंगलवार को वाचनालय भवन में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 28 दिसम्बर को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रखर हिंदुत्ववादी वक्ता गौतम खट्टर के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। यह कार्यक्रम सनातन धर्म और राष्ट्रवाद से जुड़े मुद्दों पर आधारित होगा। बैठक मंप जिले के विभिन्न हिंदू संगठनों और सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित थें। कार्यक्रम का मुख्य विषय में हिंदू जगाने आया हूँ रखा गया है, चर्चा के दौरान कार्यक्रम की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया। गौतम खट्टर एक प्रखर हिंदुत्ववादी वक्ता हैं जो अपने तथ्यात्मक और प्रभावी विचारों के लिए प्रसिद्ध हैं। उनके विचार सभी वर्गों के लोगों को प्रेरित करते हैं और सनातन धर्म की जड़ों को मजबूत करने का संदेश देते हैं। आयोजन समिति का आह्वान आयोजन समिति के संयोजक राजकुमार वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्र रक्षा और सनातन धर्म की जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

हरिभूमि
**पाठक सूचना**
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

उपमुख्यमंत्री का एक वर्ष का कार्यकाल, सुशासन का एक वर्ष, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

# विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को सुशासन का एक वर्ष, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किए गए विकास कार्यों को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर एलईडी वाहन के माध्यम से जानकारी पहुंचा रहे हैं। एलईडी स्क्रीन वाहन के माध्यम से यह अभियान जिले के विभिन्न हाट-बाजारों और गांवों में चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य लोगों तक सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाना है, ताकि उन्हें इससे होने वाले लाभ का पूर्ण एहसास हो सके। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किए गए प्रयासों को एलईडी स्क्रीन पर प्रस्तुत किए गए वीडियो संदेशों में यह बताया जा रहा है कि पिछले एक वर्ष में राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बुनियादी ढांचे और सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इन प्रयासों से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। हर दिन एलईडी स्क्रीन वाहन जिले के विभिन्न हाट-बाजारों और प्रमुख स्थानों पर शिविर लगाकर लोगों को जागरूक कर रहा है। इस कार्यक्रम से लोगों में उत्साह और उमंग देखने को मिल रही है, क्योंकि वे अपनी समस्याओं का समाधान सरकार से सीधे देख और समझ पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इस अवसर पर बड़ी संख्या में इकट्ठा होते हैं और सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को देखने के साथ-साथ उन योजनाओं के लाभ की जानकारी प्राप्त करते हैं जो उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए बनाई गई हैं।




**जनता के बीच उमंग और उम्मीद**


कवर्धा जिले के गांवों और हाट-बाजारों में इस अभियान का काफी सकारात्मक असर देखा जा रहा है। एलईडी स्क्रीन पर चलने वाली इन वीडियो क्लिप्स में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा बताई गई योजनाओं और सरकार के कार्यों के बारे में लोग दिलचस्पी से देख रहे हैं। इस तरह के अभियानों ने लोगों के मन में उम्मीदें और उमंग पैदा की हैं, क्योंकि वे समझ पा रहे हैं कि सरकार उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है।

# धर्म नगरी में अद्वितीय रूद्र महायज्ञ व श्री शिवमहापुराण का भूमिपूजन आज

- नगरवासियों में भारी श्रद्धा भक्ति का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

धर्म नगरी कवर्धा में संपूर्ण क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और मंगल की भावना से पंच कुण्डीय रूद्र महायज्ञ एवं श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया 14 जनवरी (माघ कृष्ण एकम) से 22 जनवरी 2025 (माघ कृष्ण अष्टमी) तक सरदार पटेल मैदान कवर्धा में संपन्न होगा। इस महायज्ञ एवं कथा का भूमिपूजन 19 दिसम्बर (पौष कृष्ण चतुर्थी) को दोपहर 2 बजे आयोजित किया गया है। इस अवसर पर सभी धर्म प्रेमी नागरिकों को इष्ट मित्रों सहित आमंत्रित किया गया है। इस पंच कुण्डीय रूद्र महायज्ञ व श्री शिवमहापुराण में कथा व्यास दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज (सपाद लक्षेश्वर धाम, सलधा) द्वारा विशेष रूप से गौ माता की रक्षा, अधर्म के नाश और प्राणियों में सद्भावना का संदेश दिया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमियों से अपील की है कि वे इस पवित्र कार्यक्रम में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करें।



## शौचालय जर्जर, स्कूली छात्राओ की बढ़ी परेशानियां



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम बीजाझोरी स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल में सुलभ शौचालय अत्यंत जर्जर एवं बदहाल होने के कारण स्कूली छात्र छात्राओं को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सुलभ शौचालय क्षतिग्रस्त होने से स्कूली विद्यार्थियों को खुले में शौच जाने मजबूरी है तथा सुलभ शौचालय जर्जर होने से कभी भी भरभरा कर गिरने की आंशका बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा सुलभ शौचालय की तत्काल मरम्मत तथा सुधार एवं नव निर्माण कराए जाने की मांग की गई ताकि स्कूली छात्र छात्राओं को राहत व सुविधा मिल सकें।

# सत्य अहिंसा के प्रतीक जोड़ा जैतखाम व गुरु गद्दी में विधि विधान से की गई पूजा अर्चना



- समाज के लोगों ने धूमधाम से मनाई घासीदास जयंती।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शहर सहित क्षेत्र में सत्य अहिंसा के प्रतीक जोड़ा जैतखाम में विधि विधान से पूजा अर्चना कर धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ 18 दिसम्बर बाबा गुरू घासीदास की जयंती मनाई गई। वहीं ग्राम बरबसपुर स्थित विशाल गुरुद्वारा तथा जोड़ा जैतखाम तथा गुरु गद्दी की स्थापना की गई है, सुबह से देर शाम तक सतनामी समाज के लोगों द्वारा भुईया नापते हुए सतनाम पंथ के अनुयाई ने गुरु द्वारा में प्रवेश लेकर जोड़ा जैतखाम और गुरु गद्दी की प्रार्थना कर संकल्प लिया गया, 18 दिसम्बर जयंती के अवसर पर चौका मंगल आरती तथा सुंदर पंथी नृत्य के साथ मनाई गई। साथ ही साथ भव्य जुलूस निकालकर मनखे-मनखे एक समान, सत्य ही ईश्वर है ईश्वर ही सत्य है, जानो छानो तब मानो और सतनाम-सतनाम का संदेश कि नारे लगाकर जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। वहीं जैतखाम व गुरु गद्दी में श्वेत का पालो चढ़ाया गया, इस कार्यक्रम में समाज के महन्त भंडारी, साटीदार एवं सतनाम समाज लोगों बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

- आधुनिक काल में रक्तदान ही महादान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला




शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बोड़ला के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में कल्याणी श्रीवास, अंशु वर्मा, अहिमन यादव, जितेन्द्र मसराम, रूपेश कुमार, हेमा पटेल, मोहित राम तथा मनीष कुमार ने रक्तदान किया। इन सभी युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया और इस कार्य से गौरवान्वित भी हुए साथ ही निश्चित समय अंतराल में नियमित रक्तदान करने एवं साथियों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। रक्तदान का लाभ बताते हुए कार्यक्रम अधिकारी उमेश पाठक ने युवाओं को संबोधित किया, उन्होंने बताया कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अनिवार्य रूप से करना चाहिए क्योंकि इससे रक्तदाता को ही कई प्रकार के लाभ होते हैं। रक्तदान करने से रक्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा नियंत्रित होती है तथा हृदय भी स्वस्थ होता है। इससे लाल रक्त कणिकाओं की संख्या बढ़ती है तथा अनियंत्रित वजन भी नियंत्रित होता है। हार्ट स्ट्रोक का खतरा कम होता है तथा शरीर में शुद्ध रक्त के प्रवाह से स्वास्थ्य भी उत्तम रहता है। जबकि दूसरी ओर अस्वस्थ एवं रक्त की आवश्यकता वाले रोगियों को रक्त प्राप्त होने से उचित उपचार मिल पाता है तथा इससे कई लोगों को नया जीवन मिल जाता है। इस रक्तदान शिविर में बीएमओ डॉ राजपूत ने फल व जूस प्रदान तथा धन्यवाद व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। रक्तदान हेतु युवाओं को प्रेरित करने में पुखराज भारद्वाज, शंकर साहू, टीकम नवरंग, अन्नपूर्णा शर्मा तथा कोमल मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा चिकित्सालय स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## सोनपुरी (रानी) में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारम्भ



**हरिभूमि कवर्धा।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कवर्धा के तत्वाधान में जिला संगठक श्रीमती डॉ कामती सिंह परिहार व प्राचार्य डी एस जोशी एवं कार्यक्रम अधिकारी वजनराम साहू के संचालन में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सोनपुरी (रानी) में प्रारंभ किया। इस शिविर का शुभारंभ ग्राम के पंच व एसएमडीसी अध्यक्ष दीपकुमार साहू एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोनपुरी के प्राचार्य जेपी वर्मा ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित तथा पूजा अर्चना कर कर किया, जिसमें छात्र स्वयं सेवक नीलकमल साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए गीत प्रस्तुत किया। वही हितेश, सतखोजन, सेऊकराम, विजेश भास्कर, देवेंद्र, युवराज ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया साथ ही साथ स्वागत भाषण कार्यक्रम अधिकारी व्याख्याता वजनराम साहू ने दिया और शिविर के सात दिन की रूपरेखा प्रस्तुत की। अतिथि उद्बोधन में जेपी वर्मा ने ग्रामवासियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनसीसी का लक्ष्य ही राष्ट्र की सेवा करना अर्थात देश, समाज, गांव-गली व विद्यालय की सेवा करना है। विद्यालय के व्याख्याता रामधनी शर्मा, कैलाश शर्मा, श्री वेसगर, प्रकाश वर्मा, श्रीमती प्रतिभा साहू, श्रीमती शबाना कुरैशी, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल सोनपुरी भृगुनाथ योगी उपस्थित थें। साथ ही सायंकालीन सत्र में व्याख्याता केएल गुप्ता ने सभी स्वयं सेवकों को अनुशासन और इस शिविर का महत्व समझाया साथ ही उनका उत्साहवर्धन किया। शिविर में सातों दिन प्रभातफेरी, स्वच्छता अभियान, डिजिटल भारत, बाल-विवाह, नैतिक आचरण, नशामुक्त समाज जैसे विषयों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## जिले में सैकड़ों गुड़ फैक्ट्री संचालित, महंगे दामों में मिल रही गुड़ व शक्कर, लोग परेशान



**हरिभूमि बरबसपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश को कृषि प्रधान जिला के नाम से जाना जाता है, वहीं शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में धान फसल के साथ ही साथ गन्ना फसल की अच्छी पैदावार होने से ग्रामीण किसानों को दोगुना लाभ मिल रही है। क्षेत्र के ग्रामीण किसाना गन्ना फसल की उत्पादन व पैदावार अच्छी होने से पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश जैसे किसानो की तरह जिले के किसानों द्वारा अपना रुचि दिखा रहे हैं वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसान गन्ना फसल की अधिक पैदावार जिले में प्रदेश के दूसरे जिलों की अपेक्षा सर्वाधिक गुड़ फैक्ट्री भी संचालित है इसके अलावा जिले में दो सहकारी शक्कर कारखाना तथा मिनी शुगर मिल भी गन्ना फसल की पेराई कर जूस निकाल कर जूस को परिपक्व कर गुड़ और शक्कर का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गुड़ फैक्ट्रियों में सुबह से देर रात तक शक्कर व गुड़ बनाने में जुटे हुए है। साथ ही साथ दोनों कारखाना व गुड़ फैक्ट्रियों में गुड़ का भाव 50 से 60 रूपए प्रति किलो वही शक्कर का दाम 45 रुपए की भाव से बिक रहा हैं, वैसे मकर संक्रांति पर्व पर गुड़ के भाव और बढ़ जाने की आशंका बनी हुई है। जिससे गुड़ व शक्कर फैक्ट्रियों के मालिक और माला-माल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गुड़ फैक्ट्री मालिकों ने शिरा की अधिक पैदावार कर रहे हैं, जिनके कारण से आय दोगुना हो चुका हैं और दूसरी राज्य में बेच रहे हैं जो अंग्रेजी शराब साथ ही विभिन्न प्रकार की दवाइयां एवं खाने-पीने की सामाग्री तैयार किया जाता है इसलिए शिरा का निर्माण जोरो से गुड़ फैक्ट्री मालिकों द्वारा किया जा रहा है लेकिन जिलेवासियों को मुंह मीठा करना महंगा पड़ रहा है।

## राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों की किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य, साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरूस्कार प्रदान किया जाएगा।






**मांग: संविलियन सहित अन्य मांगें रखी शासन के समक्ष**

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मितानिन संघ बेमुद्दत हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मितानिनो को विभाग की रीढ़ कहा जाता है, क्योंकि वास्तविकता यही है कि जिले के ग्रामीण तथा वनांचल ईलाकों में शासन की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं, कार्यक्रमों को पहुंचाने तथा मरीजों गर्भवति माताओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग तथा जागरूक करने का कार्य इन्हीं मितानिनों द्वारा किया जाता है। लेकिन बेहद अल्प मानदेय में अपनी सेवाएं देने वाली ये मितानिन अब प्रदेश सरकार से खफा हैं, इनका आरोप है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान अपने चुनावी घोषणा पत्र में मितानिनो से जो वायदा किया था उसे सरकार बनने के सालभर बाद भी पूरा नहीं किया गया है। यही बजब है कि अब प्रदेश मितानिन संघ के बैनर तले जिलेभर की मितानिन अपना कामकाज छोड़कर गत 16 दिसम्बर से जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा शहर के राजीव गांधी पार्क में जिलेभर से आई सैकड़ों मितानिन बीते तीन दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटी हुई हैं। मितानिन संघ का कहना है कि बीजेपी सरकार विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए अपने वादे को पूरा करे। मितानिनों ने कहा है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती वे अपनी हड़ताल वापस नहीं लेंगी। जिला मितानिन संघ की ब्लॉक समन्वयक सुनिती पाली ने बताया कि मितानिन संघ अपनी मांगों को लेकर गत 13 दिसम्बर से प्रदेश की राजधानी रायपुर में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद 16 दिसम्बर से जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि हम हड़ताल के जरिए सरकार से मांग करते हैं कि संविलियन करने सहित हमारी तीनों मांगों को पूरा करें।

## अपने किए वादा को पूरा करे सरकारः मितानिन संघ



मितानिन संघ ने प्रदेश सरकार के समक्ष मुख्य रूप से तीन सूत्रीय मांगे रखी है। जिसमें वर्षो से अल्प मानदेय में काम करने वाली सभी मितानिनो का भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र के मुताबिक संविलियन किए जाने, मितानिनो के मानदेय में 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने, दूसरे नियमित कर्मचारियों की तरह मितानिनो को भी शासकीय सुविधाओं का लाभ दिए जाने तथा किसी संस्था अथवा एनजीओ के अधीन मितानिनो से काम नहीं लिए जाने की मांग शामिल है।

### स्वास्थ्य सेवाओं में दिख रहा असर

जानकारी के मुताबिक मितानिनो के बीते तीन दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर होने के कारण इसका असर जिले के ग्रामीण और वनांचल की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ता दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि इन क्षेत्रों में निवासरत लोगों तक शासन तथा स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं, कार्यक्रम तथा जानकारियां नहीं पहुंच पा रही है। वहीं सावाधिक परेशानी क्षेत्र की गर्भवति माताओं को हो रही है।



# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरुघासी दास बाबा की जयंती पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा का अवतरण दिवस विश्व के समाज के लिए पावन दिवस के रूप में मान्य है। गुरु घासीदास बाबा का सामाजिक समरसता का आदर्श आज समाज के लिए अनमोल धरोहर है।

विजय शर्मा ने आगे कहा कि गुरु घासीदास बाबा के द्वारा स्थापित किए गए मूल्यों को अपनाकर हम एक प्रगतिशील और समृद्ध समाज की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। संत गुरु घासीदास बाबा ने अपने जीवन में हमेशा सत्य, अहिंसा, समानता और सामाजिक सद्भाव की अहमियत को माना। उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलकर हम एक समृद्ध और संतुलित समाज की स्थापना कर सकते हैं। उनकी शिक्षाओं का पालन करके हम सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति पा सकते हैं और हर वर्ग के बीच भाईचारे की भावना को मजबूत कर सकते हैं। विजय शर्मा ने आगे कहा कि गुरु घासीदास बाबा का जीवन धार्मिक और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत और भेदभाव को समाप्त करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। आज के दिन हमें बाबा के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में व्याप्त नफरत और भेदभाव को समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए।

### ध्यान केंद्रित कर आगे बढ़ने की अपील

विजय शर्मा ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस पवित्र दिवस के अवसर पर अपने हृदय में गुरु बाबा के आदर्शों को और अधिक मजबूत करें और अपने आसपास के वातावरण को प्रेम, सौहार्द और समरसता से भरने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार भी बाबा के आदर्शों को ध्यान में रखते हुए हर क्षेत्र में सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## खबर संक्षेप

### बिजई में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती



**बिजई।** ग्राम बिजई में विश्व वंदनीय प्रातः स्मरणीय संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के 268 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती के मौके पर गांव में शोभायात्रा डीजे तथा बाजे गाजे के साथ मंगल पंथी गाते धूमधाम से निकाली गई। जयंती के अवसर पर स्थानीय गुरूद्वारा में बाबा जी का पूजा अर्चना कर पालो चढ़ाव किया गया। जिसमें गांव के सभी सामाजिक लोगों ने शामिल होकर बाबा से आशिर्वाद प्राप्त किया।

### एसपी ने बैगा बच्चों के साथ खेला क्रिकेट

**कुई/कुकदुर।** कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कूकदूर थाना अंतर्गत वनांचल ग्राम दीवान पटपर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बैगा बच्चों के साथ क्रिकेट खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल के माध्यम से एकजुटता, अनुशासन और टीम भावना का महत्वपूर्ण संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने खेल समाप्त होने के बाद खिलाड़ियों को 1000 रूपए की नगद राशि देकर सम्मानित किया। यह सम्मान बच्चों के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ और उनके प्रयासों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए शिक्षा और खेल के महत्व पर जोर दिया। श्री सिंह ने बैगा बच्चों से उनकी पढ़ाई के विषय में चर्चा की और उन्हें बताया कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने बच्चों को मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी।

# निर्धारित स्थान छोड़ जंगलों में बन रहे पक्के प्रधानमंत्री आवास

- वन विभाग और शासन-प्रशासन बेफिक्र, वन परिक्षेत्र पंडरिया की वनभूमि में कराया जा रहा अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वन विभाग के साथ ही शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते जिले के जंगलों में जंगल राज चल रहा है। एक तरफ जहां वन विभाग की अनदेखी और गैरजिम्मेदारी के चलते जिले के जंगलों में लगातार अंधाधुंध अवैध कटाई, बेजा कब्जा किया जा रहा है वहीं अब वनांचल के कुछ लोगों द्वारा शासन से प्राप्त प्रधानमंत्री आवास का निर्माण निर्धारित स्थान से हटकर अपने सुविधा युक्त स्थानो में कर रहे हैं।

जिसे देखने सुनने वाला कोई नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश में थोकभाव में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसका लाभ प्रायः हर उस हितग्राही को मिल रहा है जिसने योजना के लाभ के लिए आवेदन किया है। इस योजना के तहत उन हितग्राहियों को भी लाभ दिया जा रहा है जिन्हें शासन ने वन अधिकार पट्टा दे रखा है। ऐसे में अब जहां जिले के वनांचल ईलाकों में भी कांक्रीट भवनो की बस्तियां बसनी शुरू हो गई हैं वहीं कुछ हितग्राही तो स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास को अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के विकासखण्ड पंडरिया के पंडरिया वनपरिक्षेत्र से सामने आया है। जहां नेउर के बीट क्रमांक 476 में एक हितग्राही प्रधानमंत्री आवास का निर्माण करा रहा है।



जबकि बताया जाता है कि इस हितग्राही को पंचायत अमनिया में प्राप्त जमीन के पट्टा के आधार पर आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। लेकिन इस हितग्राही द्वारा अपने वनअधिकार पट्टा के करीब ही पक्का निर्माण कराया जा रहा है। सूत्रों की माने तो हितग्राही द्वारा बकायदा नींव खोदकर कालम आदि भी खड़े कर दिए गए है और अब तो मकान की दीवाल भी उठना प्रारंभ हो गई है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वन विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी अपने मुख्यालयों में रहते ही नहीं हैं। यही वजह है कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी ही नहीं होती की उनके कार्य क्षेत्र के जंगलों में क्या हो रहा है और क्या नही। क्षेत्र के लोगों ने इस तरह के निर्माण पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है।

# सिल्हाटी में जिला स्तरीय मातृ सम्मेलन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिल्हाटी

कम्युनिटी मोबिलाइजेसन के तहत जिला स्तरीय मातृ सम्मेलन जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वय के संयुक्त मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिल्हाटी के शाला प्रांगण में बुधवार को सहायक परियोजना समन्वयक, सहायक विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रार्थना शर्मा के कुशल नेतृत्व में आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ शाला समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता सदस्य चिकित्सक दीप ठाकुर, संस्था प्राचार्य नंदकुमार चंदेल, एबीओ संतोष तिवारी, बीआरसी कन्हैयालाल साहू, समन्वयक विनोद गुप्ता, बीआरपी नरेश कुमार सोनी एवं सरिता सोनवान, उषा देवांगन, एसएमसी सदस्य के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माता को शिक्षा से जोड़ना एवं बच्चों के शिक्षा में विशेष योगदान देना था। सम्मेलन में माताओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलकूद का आयोजन किया गया। संकुल की विभिन्न स्कूलों से बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि 10वीं 12वीं के बच्चों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे से तैयारी करना, समय का उचित ध्यान रखना, समय सारणी बनाकर अध्ययन करना ,अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वहीं उन्होने माताओं को बच्चों की पढ़ाई लिखाई में विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला परियोजना समन्वयक नकुल पनागर द्वारा स्कूलों में पढ़ रहे सभी बच्चों को अपने शिक्षण को और बेहतर बनाने के लिए समय सारणी बनाकर उचित पढ़ाई करने हेतु निर्देशित किया। सम्मेलन में उपस्थित माताओं को अपने बच्चों के शिक्षण कार्य, गृह कार्य को बराबर मॉनिटरिंग करने कहा एवं समय-समय पर टीचर शिक्षक एवं पालक का संपर्क में विशेष योगदान देने कहा। इस दौरान अंगना में शिक्षा के तहत हिंदी, गणित की शिक्षा को कैसे खेल खेल में बच्चो को घर मे सीखना है इसके लिए एमटी द्वय के द्वारा बताया गया। कार्यक्रम में संकुल के स्कूलों के साथ-साथ ग्राम से आई हुई माताओं की उपस्थिति रही।

# तेज रफ्तार ट्रक ने गाय और खड़ी मोटर सायकल को रौंदा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्र में एक फिर सड़क हादसा देखने को मिला है। जहां एक बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे बंधी एक गाय और मोटर सायकल को अपनी चपेट में ले लिया और फिर ट्रक नीम पेड़ से जा टकराया। इस हादसे में कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन गाय घायल हो गई। वहीं मोटर सायकल तथा ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम स. लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर में सिल्हाटी से खम्हरिया मार्ग पर तेज रफ़्तार ट्रक क्रमांक एमएच 40 बीजी 3922 के अज्ञात चालक ने लापरवाही तथा तेज गति में



वाहन चलाते सड़क किनारे बंधी एकऔर खड़ी मोटर सायकल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार ट्रक गाय और मोटर सायकल को रौंदते हुए नीम के पेड़ से टकरा गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी स.लोहारा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चालक सहित परिचालक को गिरफ्तार कर लिया वहीं ट्रक को भी जप्त कर लिया।

# एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी लंबित मांगों को लेकर आज करेंगे प्रेस कांफ्रेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मितानिनो के साथ ही एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों में भी अपनी लंबित मांगों को लेकर काफी असंतोष देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत है। लेकिन अब तक उन्हें किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिला है। जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी कड़ी में लगातार झूठे वादों से एनएचएम कर्मचारी अपने व्यथा बताने के लिए प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालय में 19 दिसम्बर को प्रेस के माध्यम से प्रेस काफ्रेंस करने का फैसला लिया है। ज्ञात हो कि एनएचएम कर्मचारियों में नई सरकार में भी अब तक कर्मचारी हित में कोई फैसला नहीं लिए जाने से आक्रोश व्याप्त है। यही बजह है कि इस मुद्दे को लेकर एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 19 दिसम्बर को समस्त जिला मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस किए जाने का निर्णय लिया है। संघ ने कहा कि वह अब प्रेस कॉफ्रेंस के जरिए अपनी पीड़ा लोगों तक पहुंचाएंगे और सरकार से मांगे पूरी कराने का आव्हान करेंगे।

**समाज के लोगों ने गाजे बाजे के साथ निकाली बाबा की भव्य शोभयात्रा**

# कवर्धा में धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 18 दिसम्बर को सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरूघासीदास की जयंती कवर्धा नगर सहित समूचे अंचल में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मानई गई। इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा कवर्धा नगर में बाबा गुरूघासीदास जी की भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई।

जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज के महिला, पुरूष तथा बच्चों ने हर्षोल्लास से हिस्सा लिया। गौरतलब है कि आज से करीब 268 वर्ष पूर्व सत्य के मार्गदर्शक गुरू बाबा घासीदास का जन्म गिरौधपुरी में बाबा महंगुदास के घर हुआ था। उस समय छूआछूत का बोलबाला था और बाबा गुरूघासीदास लोगों की इस भावना से काफी दुखी थे। बचपन से ही सत्य के मार्ग पर चलने वाले बालक घासीदास आगे चलकर सबको मनखे मनखे एक हैं का पाठ बढ़ाते हुए सत्य के मार्ग पर चलने प्रेरित किया।



सतनाम पंथी बाबा गुरूघासीदास पर अटूट आस्था और विश्वास रखते हैं। अपनी इसी आस्था व विश्वास को चरित्रार्थ करते हुए 18 दिसम्बर को समाज के लोगों ने अपने घरों, पारा, मुहल्ला तथा ग्रामों में बाबा गुरूघासीदास जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा भजन, कीर्तन का आयोजन किया। इस अवसर पर बाबा की गद्दी की पूजा कर जैतखाम में ध्वजारोहण किया गया।

वहीं कवर्धा नगर में बुधवार को जयंती के मौके पर सतनामी समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन के बाद दोपहर को बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बाबा गुरूघासीदास की भव्य झांकी सजाई गई थी। गाजे, बाजे, डीजे साऊंड तथा नृत्कों तथा भजन मण्डली से सजी इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में समाज के महिला, पुरूष तथा युवक, युवतियां तथा बच्चे शामिल थे। इससे पूर्व सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरूघासीदास जी की जयंती के मौके पर पूजा, पाठ, ध्वजा रोहण आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुल मिलाकर जिला मुख्यालय कवर्धा सहित समुचे अंचल में गुरूघासीदास जयंती की धूम रही।

# ग्राम कापा में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने किसान संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

केंद्र एवं राज्य सरकार के जैविक खेती अभियान के अंतर्गत शिव शक्ति एग्रीटेक कंपनी द्वारा ग्राम कापा में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में किसानों को जैविक खेती अपनाने के लाभों और रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कंपनी के वरिष्ठ कृषि अधिकारी बीपी यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि रासायनिक खाद और दवाइयों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरक शक्ति धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह प्रक्रिया जारी रही, तो भविष्य में भूमि बंजर हो सकती है। किसानों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि भूमि की उर्वरता बनाए रखने और पर्यावरण को सुरक्षित



रखने के लिए जैविक खाद का उपयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी बताया कि रासायनिक खेती न केवल भूमि को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि लाभदायक मित्र कीटों को नष्ट कर रही है और मानव शरीर में विभिन्न प्रकार की बीमारियों का कारण बन रही है। उन्होंने किसानों से जैविक खेती अपनाने का आग्रह किया और पर्यावरण संरक्षण के तहत सागौन और महोगनी जैसे लाभकारी वृक्षों के पौधे लगाने की सलाह दी। इन वृक्षों से किसानों को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ भी मिलेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राघवेंद्र सिंह ठाकुर सहित अन्य प्रमुख व्यक्तियों जैसे जितेंद्र सिंह ठाकुर, संतोष सिंह ठाकुर, और जय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसानों ने जैविक खेती को अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संकल्प लिया। इस संगोष्ठी ने न केवल किसानों को जागरूक किया, बल्कि पर्यावरण और कृषि के बेहतर भविष्य की ओर एक मजबूत कदम भी बढ़ाया।